


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः42 | ग्वालियर, 20 दिसम्बर, बुधवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## पीएम मोदी ने इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से की बात, इन मुद्दों को लेकर हुई चर्चा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से मंगलवार (19 दिसंबर) को फोन पर बात की. इस दौरान पीएम मोदी ने नेतन्याहू से मानवीय सहायता और बातचीत व कूटनीति के जरिए इजरायल-हमास संघर्ष के समाधान की जरूरत दोहराई.प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी से टेलीफोन पर बात की और उन्हें इजरायल-हमास संघर्ष में हाल के घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी. बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने समुद्री यातायात की सुरक्षा के संबंध में चिंताओं को साझा किया. पीएमओ के अनुसार, ''प्रधानमंत्री ने प्रभावित आबादी के लिए मानवीय सहायता जारी रखने की आवश्यकता को दोहराया और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से सभी बंधकों की रिहाई सहित संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया.'पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ चल रहे इजरायल-हमास संघर्ष पर विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ, जिसमें समुद्री यातायात की सुरक्षा पर साझा चिंताएं भी शामिल थीं.'उन्होंने कहा, ''प्रभावितों के लिए निरंतर मानवीय सहायता के साथ क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के पक्ष में भारत के निरंतर रुख पर प्रकाश डाला.''

## सीएम मोहन यादव को लेकर शिवराज सिंह चौहान बोले- मैं विधायक हूं और वो मेरे. मध्य प्रदेश में मंत्रिमंडल के विस्तार से पहले सियासी सरगर्मियां तेज हैं.

इन सबके बीच पूर्व सीएम ने दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की. शिवराज सिंह ने बताया कि इस मीटिंग के बाद उन्होंने सीएम मोहन यादव की भी जमकर तारीफ की. आइए जानते हैं मोहन यादव को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने क्या कुछ कहा.मीडिया से बातचीत के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा, ÷मैं यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष से भेंट करने आया था. उनके नेतृत्व में हम काम करते हैं. वह हमारे मार्गदर्शक भी हैं और मेरे मित्र भी हैं. जब युवा मोर्चा में वह अध्यक्ष थे तो मैं महामंत्री था. उनके साथ अगले काम के बारे में उन्होंने मुझसे चर्चा की है. एक तो पार्टी के कार्यकर्ता के नाते मैंने पहले भी कहा है कि बीजेपी का काम मेरे लिए



मिशन है जनता की सेवा का. जब आप मिशन में काम करते हैं तो आप तय नहीं करते हैं कि आप क्या करेंगे बल्कि मिशन ये तय करता है.÷

**सीएम मोहन यादव की तारीफ की**-शिवराज सिंह चौहान ने कहा, ÷अब मध्य प्रदेश में डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री हैं और सीएम होने के नाते वह मेरे भी नेता हैं क्योंकि मैं विधायक हूं. बीजेपी में कोई छोटा या बड़ा नहीं होता है. मोहन यादव योग्य और कर्मठ कार्यकर्ता हैं. मेरी दिल से यही इच्छा है हमने जिन कार्यों को मध्य प्रदेश में आगे बढ़ाया, बीमारू राज्य से विकसित मध्य प्रदेश बनाया, उसको समृद्धी की तरफ और ऊंचाइयों की तरफ इसे मोहन यादव ले जाएंगे, इसका पूरा भरोसा है.÷

**पार्टी के माध्यम से देश की सेवा करूंगा**-उन्होंने आगे कहा, ÷फिलहाल में विकसित भारत संकल्प यात्रा में मेरे कार्यक्रम तय होंगे वहां मैं जाऊंगा. मैं कहां रहूं ये कभी नहीं सोचता मैं पार्टी के माध्यम से देश की सेवा कैसे कर पाऊं और पीएम मोदी के मिशन को कैसे आगे बढ़ा पाऊं, मैं इसी काम में लगा रहूंगा.÷

**लोकसभा चुनाव और मंत्रिमंडल को लेकर क्या कहा**-पूर्व सीएम चौहान ने ये भी बताया, ÷मंत्रिमंडल के गठन को लेकर भी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से चर्चा हुई है, क्योंकि एमपी में अभी मंत्रिमंडल का गठन होना है. साथ ही आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए भी जो भी मेरी भूमिका तय की जाएगी उस मैं निभाऊंगा.÷

## अखिलेश यादव की पार्टी ने विधानसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर उठाए सवाल तो क्या बोले खरगे?



विपक्षी गठबंधन इंडिया की मीटिंग में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के रुख को लेकर सवाल उठाए गए हैं. बैठक में शामिल समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने कहा कि राज्यों का विधानसभा चुनाव कांग्रेस ने गठबंधन इंडिया में शामिल अन्य पार्टियों के साथ क्यों नहीं लड़ा. बताया कि सपा और आरजेडी के सवाल पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सबको साथ चलना चाहिए. उन्होंने कहा, जो हो गया सो हो गया. अब सबको साथ रहना चाहिए.दरअसल, हिंदी भाषी राज्य मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को झटका लगा था. बीजेपी ने मध्य प्रदेश में सत्ता बरकार रखी तो राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को हरा दिया. इन तीनों राज्यों की कई सीटों पर सपा और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी अखिलेश यादव हुए थे नाराजमध्य प्रदेश में सपा को सीट नहीं मिलने पर पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा था कि यूपी में भी अब ऐसा होगा. उन्होंने बिना नाम लिए दावा किया था कि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ मीटिंग हुई और उन्होंने (कांग्रेस नेता) इस दौरान छह सीटें सपा को देने को लेकर सहमति जताई थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया. इसको लेकर जब कमलनाथ से सवाल किया गया था तो उन्होंने कहा था कि छोड़ो अखिलेश और वखिलेश को.

**किसे कितनी सीटें मिली**-छत्तीसगढ़ की 90 सीटों में से बीजेपी के खाते में 54 सीटें गई थी तो कांग्रेस ने 35 सीटों पर जीत दर्ज की थी. मध्य प्रदेश की बात करें तो बीजेपी ने 163 सीटों पर जीत दर्ज की थी. वहीं कांग्रेस 66 सीटों पर सिमट गई थी. इसके अलावा राजस्थान में बीजेपी ने 115 सीटें हासिल की थी. यहां कांग्रेस के खाते में 69 सीटें गई थी.

## विधानसभा से नेहरू की तस्वीर हटाने पर मध्य प्रदेश में गरमाई सियासत, अब क्या बोले डिप्टी सीएम?



मध्य प्रदेश विधानसभा में स्पीकर की कुर्सी के पीछे लगी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर के स्थान पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर लगाए जाने को लेकर मध्य प्रदेश की सियासत गरमा गई है. पंडित नेहरू की तस्वीर हटाने पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं. वहीं अब इस पर बीजेपी की प्रतिक्रिया भी सामने आई है. मध्य प्रदेश के नवनियुक्त डिप्टी स्पीकर राजेंद्र शुक्ला ने कहा, कांग्रेस को इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए. डॉ अंबेडकर की तस्वीर लगाने का कांग्रेस को स्वागत करना चाहिए. अगर लोकसभा और विधानसभा में डॉ अंबेडकर की तस्वीर नहीं होगी तो फिर कहां होगी. संविधान के आधार पर ही तो लोकसभा और विधानसभा की कार्यवाहियां होती हैं तो उन्हें इसका स्वागत करना चाहिए और जहां तक पंडित नेहरू की तस्वीर का सवाल है तो विधानसभा सचिवालय जरूर सही जगह पर उनकी तस्वीर को लगाने का काम करेगा.दरअसल, मध्य प्रदेश विधानसभा में स्पीकर की कुर्सी के पीछे एक तरफ जहां महात्मा गांधी तो दूसरी ओर पहले प्रधानमंत्री नेहरू की तस्वीर लगी हुई थी. लेकिन अब नेहरू की जगह अंबेडकर की तस्वीर लग गई है. इस मामले पर कांग्रेस ने एतराज जताया है. साथ ही नेहरू की तस्वीर लगाए जाने की मांग की है. इस मामले पर कांग्रेस के मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अब्बास हफीज ने कहा है कि नेहरू की तस्वीर हटाना द्वेषपूर्ण भावना है. देश के पहले प्रधानमंत्री को बार-बार अपमानित किया जा रहा है.

## कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में सुनी गईं 93 लोगों की समस्याएँ



समस्यायें लेकर पहुँचे। अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने इन सभी लोगों की समस्यायें एक ङ्क एक कर सुनीं। साथ ही आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। मंगलवार को कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में जमीन संबंधी आवेदन निराकरण के लिये राजस्व अधिकारियों को दिए गए। जरूरतमंद मरीजों के इलाज का इंतजाम भी जन-सुनवाई में कराया गया। जन-सुनवाई में कुल 93 आवेदनों में से 62 आवेदन दर्ज किए गए हैं। शेष 31 आवेदन आवश्यक टीप अंकित कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए।

## मल्लिकार्जुन खरगे हों इंडिया गठबंधन का पीएम चेहरा, ममता बनर्जी ने रखा प्रस्ताव, सीएम केजरीवाल ने किया समर्थन

विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्ष के पीएम चेहरे को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव रखा. एबीपी न्यूज को सूत्रों ने बताया कि इस प्रस्ताव का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने किया है. तृणमूल कांग्रेसकी चीफ ममता बनर्जी के प्रस्ताव पर खरगे ने कहा कि हमें चुनाव जीतने पर ध्यान देना चाहिए. उन्होंने कहा, सभी लोग मिलकर काम करेंगे और सीट शेयरिंग को लेकर जिस राज्य में हमारे लोग हैं वो एक दूसरे से समझौता करेंगे. अगर समझौता नहीं बन सकता तो. गठबंधन के लोग निर्णय करेंगे. सांसद नहीं हैं तो पीएम की बात का क्या फायदा? इसलिए हमें कोशिश करनी है पहले हम जीतकर आएं.वहीं मीटिंग में शामिल रहे राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के चीफ जयंत चौधरी ने ममता बनर्जी के प्रस्ताव को लेकर कहा कि मैं इसकी पुष्टि नहीं कर सकता.

## उज्जैन पहुंचे जीतू पटवारी, भगवान महाकाल से क्यों बीजेपी सरकार के लिए की प्रार्थना?



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उज्जैन में भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया और बीजेपी सरकार द्वारा जनता से किए गए वादे पूरे करने को लेकर प्रार्थना भी की. उन्होंने कहा कि यदि वादे पूरे नहीं किया तो वह सड़क पर उतरेंगे.मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार को बड़े काफिले के साथ भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए उज्जैन पहुंचे. उन्होंने महाकालेश्वर मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की. महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश बंद होने की वजह से उन्होंने मंदिर की चौखट पर ही शीश नवाया. इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल से यह प्रार्थना की है कि बीजेपी सरकार ने जो जनता से वादे की है उसे वह पूरी करें.मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पदभार ग्रहण करने से पहले अपनी ताकत दिखाई. वह 500 गाड़ी के काफिले के साथ उज्जैन पहुंचे. इसके बाद उन्होंने स्थानीय विधायक और कांग्रेस के नेताओं के साथ महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की.जीतू पटवारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाडली बहनों को ?3000 तक दिए जाने का वादा किया था. इसके अलावा किसानों को 2700 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदने सहित कई वादे किए गए थे, जिन्हें सरकार को पूरा करना चाहिए.भगवान महाकाल से यही प्रार्थना की गई है जब तक लाडली बहनों को ?3000 प्रतिमाह नहीं मिलेगा, तब तक कांग्रेस चैन से बैठने वाली नहीं है. पटवारी ने कहा कि सिंधिया समर्थकों के लिए दरवाजे खुले है. अभी तक पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ इस बात को कह रहे थे कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थकों को कभी भी कांग्रेस में शामिल नहीं किया जाएगा, मगर जीतू पटवारी ने कहा कि यदि कोई भी कांग्रेस की आईडियोलॉजी को अपनाता है तो उसके लिए दरवाजा खुले हैं.

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ग्वालियर व्यापार मेला एवं ग्वालियर दुर्ग पर आयोजित होने वाले संगीत समारोह की तैयारियों का किया निरीक्षण

**ग्वालियर** ग्वालियर व्यापार मेला 25 दिसम्बर से प्रारंभ होगा। इसके साथ ही ग्वालियर दुर्ग पर 26 दिसम्बर को 1500 तबला वादक अपनी प्रस्तुति देंगे। कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश चंदेल ने विभागीय अधिकारियों के साथ मंगलवार को मेला परिसर और ग्वालियर दुर्ग पर पहुँचकर आयोजन की व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने मेला प्राधिकरण के अधिकारियों और मेला सचिव को निर्देशित किया है कि मेले में साफ-सफाई के साथ ही मेले की सभी व्यवस्थायें समय से हों, यह सुनिश्चित किया जाए। मेले में आने वाले सैलानियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही देश भर से आने वाले व्यापारियों को भी ग्वालियर व्यापार मेले में बेहतर सुविधायें उपलब्ध हों यह सुनिश्चित किया जाए। मेले में यातायात, सुरक्षा और पार्किंग के प्रबंधन भी अच्छे से किए जाएँ। अग्नि सुरक्षा के लिये सभी व्यवस्थायें चाक-चौबंद हों।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने 26 दिसम्बर को ग्वालियर दुर्ग पर 1500 तबला वादकों द्वारा दी जाने वाली प्रस्तुति



की व्यवस्थाओं को भी देखा। उन्होंने कहा कि तानसेन समारोह के अंतर्गत भी इस वर्ष ग्वालियर में यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में आने वाले कलाकारों को अपनी प्रस्तुति देने के लिये बेहतर माहौल मिले यह सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई की व्यवस्थायें भी समय रहते पूर्ण करने के निर्देश नगर निगम अधिकारियों को दिए गए।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बाहर से आने वाले तबला वादकों को ठहराने के लिये ग्वालियर दुर्ग स्थित गुरूद्वारे में की गई व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम श्रीमती अंजू अरूण कुमार एवं सीईओ जिला पंचायत विवेक कुमार सहित राजस्व, पुलिस, नगर निगम के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदीप चावड़ा हुए सम्मानित राष्ट्रीय स्तर के सोशल पर्सनेलिटी अवार्ड 2023 से भोपाल मध्यप्रदेश में ऑल इंडिया फ्री काउंसलिंग के माध्यम से छुड़वाते है तंबाकू

### अब तक 1200 लोगों से तंबाकू का त्याग करा चुके हैं

सीहोर। नीति आयोग एवं डिजिटल इंडिया के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की कॉन्फ्रेंस एवं सबमिट 2023 का आयोजन भोपाल में किया गया जहां सभी राज्यों से आई सामाजिक विभूतियों शामिल हुई। कार्यक्रम में तंबाकू निषेध अभियान चलाने वाले शहर के प्रदीप चावड़ा को सोशल पर्सनेलिटी अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया।ज्ञात हो कि श्री चावड़ा विगत 10 सालो से मुंह के कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। के जरिए ऑल इंडिया फ्री काउंसलिंग के माध्यम से लगभग 1200 लोगों को तंबाकू सेवन से मुक्ति दिला चुके हैं। इनका मिशन है कि संपूर्ण जीवन तक तंबाकू



निषेध कार्यक्रम चलाते रहें।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय एयर फोर्स के वरिष्ठ अधिकारी श्री एस.अख्तर (एयर कमोडोर),मुंबई से भारतीय सिनेमा जगत के अभिनेता रमेश गोयल, आसाम से समाजसेवी खुशबू सिंह उपस्थिति रहीं। इनके अलावाआसाम,गुजरात,महाराष्ट्र,मणिपुर ,त्रिपुरा,तमिलनाडु,दिल्ली,उड़ीसा,पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, मेघालय,हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों की सामाजिक विभूतियां उपस्थित रहीं। श्री चावड़ा की इस उपलब्धि पर अनेक संगठनों व उनके मित्रों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# चंबल पुल 22 दिसम्बर प्रात: 7 बजे से 23 दिसम्बर प्रात: 7 बजे तक पूर्णतया बंद रहेगा

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । जिला मजिस्ट्रेट इटावा अवनीश राय द्वारा जिला मजिस्ट्रेट भिण्ड को अवगत कराया कि सुरक्षा की दृष्टि से रा.मा.सं.-92 (719) (बेबर-इटावा-ग्वालियर) मार्ग के कि.मी. 78 में स्थित चंबल सेतु की भार वहन क्षमता की तकनीकि जांच हेतु 22 दिसम्बर 2023 प्रातः 7 बजे से 23 दिसम्बर 2023 प्रातः 7 बजे तक एक दिवस के लिए उक्त सेतु से सभी प्रकार के भारी एवं हल्के वाहनो तथा पथयात्रियों का आवागमन पूर्णतया प्रतिबंधित किया जाता है। उक्त जांच कार्य समाप्त होने के पश्चात यह आदेश स्वतः निरस्त समझा जाएगा। उक्त अवधि में जनपद भिण्ड की ओर जाने वाले भारी वाहन जालौन अथवा शिकोहाबाद होते हुए भिण्ड जाएंगे तथा जनपद भिण्ड से आगरा / कानपुर की ओर आने वाले भारी वाहन शिकोहाबाद अथवा जालौन होते हुए आएंगे। मार्ग पर हल्के वाहनो के प्रवेश को भी प्रतिबंधित किये जाने की स्थिति में जनपद भिण्ड की ओर जाने वाले हल्के वाहन जालौन अथवा शिकोहाबाद होते हुए भिण्ड जाएंगे या उदी चौराहा से चकरनगर-सहसो-फूप होते हुए भिण्ड जाएंगे तथा जनपद भिण्ड से आगरा/ कानपुर की ओर आने वाले हल्के वाहन शिकोहाबाद अथवा जालौन होते आएंगे या फूप-सहसो-चकरनगर से उदी चौराहा होते हुए इटावा आएंगे।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आवेदकों की समस्याएं



खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले आवेदकों की समस्याओं को सुना एवं निराकरण करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। मंगलवार को जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं पर आधारित कुल 83 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों का निराकरण किये जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में कसरावद के ग्राम रामपुरा से आएं आवेदक कैलाश पिता रामसिंग यादव ने कलेक्टर श्री शर्मा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि अनावेदकों द्वारा संगनमत होकर धोखाधड़ी कर मेरी कृषि भूमि की बिक्री रजिस्ट्री कर कब्जे में कर ली गई है। इस मामले में कलेक्टर श्री शर्मा ने तुरंत गुगल मीट से जुड़े कसरावद तहसीलदार को निर्देशित किया कि अब तक इस प्रकरण का निराकरण क्यों नहीं हुआ है। कलेक्टर श्री शर्मा ने तहसीदार को व्हाटसअप पर आवेदन की कॉपी भेजकर कल तक इस प्रकरण का जवाब मांगा है।इसी प्रकार जनसुनवाई में महेश्वर तहसील के उस्मान पिता थप्पा ने नामांतरण नहीं होने की समस्या बताई। इस मामले में कलेक्टर श्री शर्मा ने महेश्वर तहसीलदार को व्हाटसअप पर आवेदन भेजकर कहा कि इनका नामांतरण अब तक क्यों नहीं हो रहा है इसका जवाब चाहा है। इस दौरान जनसुनवाई में कलेक्टर श्री शर्मा के समक्ष आवेदकों ने पट्टा निरस्त कर पुनः सर्वे कराने, शहरी पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, रुपये वापस दिलाने सहित कई विभिन्न शिकायतों के आवेदन को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा 20 दिसंबर को इन ग्रामों के भ्रमण पर

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

विकसित भारत संकल्प यात्रा 20 दिसम्बर को जिले की 21 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगी। यह यात्रा खरगोन विकासखण्ड के ग्राम मोठापुरा और लिक्खी ग्राम पंचायत में, गोगांवा विकासखण्ड में देवली में, भीकनगांव विकासखण्ड के ग्राम कोदला जागीर और केदवां में, भगवानपुरा विकासखण्ड के ग्राम बड़ी और मोहना में, झिरन्या विकासखण्ड के ग्राम भडलेन और टोकनबेड़ा में, सनावद सर्कल में भोमवाड़ा मलगांव व छापरा में, महेश्वर विकासखण्ड के ग्राम आशापुर और कांकरिया में, बड़वाह विकासखण्ड के ग्राम खमकीबारूल और सोरठी बारूल में, कसरावद विकासखण्ड के ग्राम खडकवानी और अहिर धामनोद में, पिपलोगोन सर्कल के ग्राम सामेड़ा और रणगांव में, सेगांव विकासखण्ड के ग्राम बिरला और दशनावल ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण रहेगा।

## मप्र कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष जीतू पटवारी का हुआ भव्य स्वागत



सीहोर/मप्र में कांग्रेस पार्टी द्वारा युवा नोजवान प्रदेशाध्यक्ष के रूप में जीतू पटवारी की नियुक्ति से युवा में उत्साह का संचार हुआ है। भोपाल जाते वड़्त सीहोर बायपास के सेकडाखेड़ी जोड़ पर मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी का सीहोर के कांग्रेसजनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मप्र युवक कांग्रेस के अध्यक्ष और विधायक विक्रांत भूरिया विशेष रूप से उपस्थित थे। युवा कांग्रेस नेता मनीष राय एवं छात्र नेता हरिओम सिसोदिया ने बताया कि बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं ने युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव राजीव गुजराती के नैतृत्व में प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राममूर्ति शर्मा, ओम वर्मा, जिला पंचायत सदस्य शशांक सक्सेना, हरीश राठौर, रमेश गुप्ता, विवेक राठौर, राजेन्द्र वर्मा, भूरा यादव, मुस्तुफा अंजुम, देवेंद्र ठाकुर,देवेंद्र चौधरी, मनीष मेवाड़ा, गजराज परमार, सर्वेश व्यास, तानिष त्यागी, सद्दाम, आसिफ अंसारी, लकी सक्सेना, शुभम मालवीय, अनिल परमार, अमन घवरी, अजय रैकवार, विनीत गोयल,विवेक टांक, सोनू परिहार, सोनू विश्वकर्मा, विक्की विश्वकर्मा, राहुल पाटीदार, भूपेंद्र शर्मा, अशरफ भाई, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दिल्ली की प्रियंका भंसाली का जायका रहा सबसे स्वादिष्ट

# जीतो महिलाओं के जायका का राष्ट्रीय फ़िनाले का बैंगलुरु में आयोजन

दैनिक पुष्पाजंली टुडे

बेंगलूर ।जीतो बेंगलुरू नॉर्थ की महिला विंग व केकेजी ज़ोन की सह भागिता में जायका-फ्रोम द किचन टू योर हार्ट व्यंजन प्रतियोगिता का राष्ट्रीय फिनाले का आयोजान बेंगलुरु में हुआ। इन्द्रानगर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट में जीतो अपेक्स की महिला अध्यक्ष संगीता ललवाणी के नेतृत्व में आयोजित इस फिनाले में भारत भर की चुनिंदा महिलाओं ने भाग लिया। दो सत्र में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के प्रथम सत्र का उद्धघाटन राष्ट्रीय महिला विंग मेंटर चित्रा बलडोटा व ललिता गुलेच्छा, राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता ललवाणी, उपाध्यक्ष अर्चना सुराणा, महामंत्री शीतल दुग्गड, कोषाध्यक्ष जयश्रीं भंडारी, प्रायोजक हल्दीराम के मनोहरलाल अग्रवाल व मधुसुदन अग्रवाल तथा जीतो के राष्ट्रीय, केकेजी ज़ोन व बेंगलुरु के पदाधिकारियों ने किया। जीतो बेंगलुरू नॉर्थ की महिला अध्यक्ष बिंदु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। जायका की राष्ट्रीय संयोजिका निशा सामर ने सभी प्रतियोगियों का परिचय दिया। 6 माह पूर्व प्रारंभ हुए जायका के सफर के तीन चरणों में आयोजित प्रतियोगिताओं में भागीदारी निभाने वाली सैकडो प्रतियोगियों में से चयनित जुहू मुंबई की दीपिका नाहटा व मोनिता मेहता, नई दिल्ली की पूजा कोठारी व प्रियंका भंसाली, ब्यावर की राशी काँकरिया, कोलकोता की निकिता हिरावत व जूली पुगलिया, भोपाल की पियुषा जैन, कोयंबतूर की प्रिया जैन, पाली मारवाड की



मितिशा मेहता, नागपुर की रुचि जैन, चेन्नई की मीनाक्षी चौधरी, सूरत की इन्दु जैन व प्रीति शाह, बल्लारी की लता बोथरा, बेंगलुरु नॉर्थ की अनिता पारेख, दुर्ग भिलाई की डा. पूर्वा सुराणा नासिक की श्वेता चोपडा ने इस फिनाले में स्व हस्त निर्मित लज़ीज़ व्यंजनों की शृंखला प्रस्तुत की। प्रतियोगिता के निर्णायक मास्टर शेफ़ फ़ेम अरुणा विजय ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विलुप्त हो चुके व्यंजन सामने आते है और पाक प्रतिभा को बढ़ावा मिलता है। निर्णायक का परिचय पूर्व महिला अध्यक्ष अनीता पिरगल ने दिया। अन्य निर्णायक देवजित सिंह ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा को बढ़ाने का यह शानदार अवसर है। उनका परिचय प्रतियोगिता संयोजक पिंकी मेहता ने दिया। शेफ़ विजेता ने सभी प्रतियोगियों से नियम साझा किये। उनका परिचय सह संयोजिका सुमन रांका ने दिया। प्रायोजकों का परिचय जेएटीएफ के सुशील जैन ने दिया। दूसरे सत्र में जायका के राष्ट्रीय आयोजन का मकसद बताते ह्यू राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता ललवाणी ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से भारत की समृद्ध पाक कला विरासत को प्रतिबिंबित करने तथा स्वाद, स्वास्थ्य, पारंपरिक ज्ञान, व्यंजनों के मूल्य व महत्व को समझने का अवसर मिलता है। केकेजी ज़ोन अध्यक्ष अशोक सालेचा ने कहा इस राष्ट्रीय आयोजन में ज़ोन की सहभागिता गौरवान्वित करनेवाली है तथा महिलाओं का चारदीवारी से निकलकर अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन करना गर्व का विषय है। नॉर्थ अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने कहा कि आज की महिलायें सफलता का परचम लहराने को तैयार है। बिंदु रायसोनी ने ऑडियो-विडियो के माध्यम से महिला विंग के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रायोजक व शेफ़ द्वारा की गई। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में बार्ली बिरियानी विद् चिपोटल सोस व कैरमिलाइज्ड हेल्थी बाईट्स बनाने वाली दिल्ली की प्रियंका भंसाली ने प्रथम, टेस्ट ऑफ़ इंडिया विद् प्राइड ऑफ़ तमिलनाडु व मेलोडी ऑफ़ गोड़नेस बनाने वाली चेन्नई की मीनाक्षी चौधरी ने द्वितीय तथा दाल चावल देसी फ़्यूज़न व कोकोनट ड्राईफ़्रूट खीर बनाने वाली पाली मारवाड की मितिशा मेहता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह व नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। आयोजन में महिला विंग इंचार्ज सुनीता बोहरा, जुहू मुंबई की अध्यक्ष अनुपमा जैन, कोलकोता अध्यक्ष संगीता बैद, हुबली अध्यक्ष गीता छैडा, बेंगलुरु साउथ अध्यक्ष सुनीता गाँधी, बैंगलुरु की पूर्व अध्यक्ष पिंकी जैन, अपेक्स वाइस चेयरमेन राजेंद्र जैन, निदेशक नरेंद्रसिंह सामर, जीतो बेंगलुरु साउथ के अध्यक्ष दिनेश बोहरा, नॉर्थ महामंत्री सुधीर गादिया, सचिव कमल पुनमिया के साथ नॉर्थ महिला विंग कार्यकारिणी सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही। महिला विंग महामंत्री सुमन वेदमुथा ने आभार व्यक्त किया। संचालन सुष्मिता सेठिया ने किया। आयोजन की पूर्व संध्या पर गीत संगीत अंतराक्षरी का आयोजन तथा पदाधिकारियों व प्रतिभागियों का सत्कार उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफना व रेशमा पुनमिया, सहमंत्री भाविका कोठारी व पिंकी मेहता, कोषाध्यक्ष मधु कटारिया द्वारा किया गया। हल्दीराम ग्रूप ने आगे भी ऐसे आयोजनो हेतु प्रायोजक के रूप में अपनी स्वीकृति प्रदान की।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा'' जिले की ग्राम पंचायतों में पहुंच रहीआईईसी वैन शासन की योजनाओं को कर रहीथ प्रचारित

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे




समाज के अन्तिम छोर के व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ देकर योजनाओं में शत्-प्रतिशत सैचुरेशन लाने हेतु जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रतिदिन निर्धारित रूट अनुसार ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर रही है। यात्रा अन्तर्गत जिले में 11 आईईसी सर्वसुविधायुक्त मोबाईल वैन ग्राम पंचायतों में जाकर योजनाओं को प्रचारित कर रही है तथा विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की चिन्हित योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभ देने हेतु पंजीयन किया जा रहा है। यात्रा अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है।मंगलवार को खरगोन जनपद की ग्राम पंचायत सांईखेड़ा और डोंगरगांव में, बड़वाह जनपद की ग्राम पंचायत मेहंदीखेड़ा और बड़ेल में, कसरावद जनपद के ग्राम साटकूर और पथोरा में, महेश्वर के ग्राम मेलखेड़ी और सेल में, भीकनगांव जनपद के सुर्वा कोयड़ा और सतवाड़ा में, गोगावां जनपद के ग्राम कोठा खुर्द और कोठा बुजुर्ग में, सेगांव जनपद के ग्राम सांगवी और पनवाड़ा में, भगवानपुरा जनपद के ग्राम काबरी में वन चौकी परिसर में और भुलवान्या ग्राम पंचायत में, सनावद सर्कल के ग्राम बांगरदा और कोटल्याखेड़ी में तथा झिरन्या जनपद के ग्राम पुनासला और पिपरखेड़ नाका में तथा पिपलगोन सर्कल के ग्राम लैपा एवं भट्याणबुजुर्ग में शिविर आयोजित हुए हैं।विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज दिनांक तक शिविरों में 23355 व्यक्तियों ने भाग लिया है। जिसमें महिलाओं की संख्या 11320, पुरूषों की संख्या 11974 तथा 61 जनप्रतिनिधियों ने भागीदारी की है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज दिनांक तक उक्त शिविरों में कुल 13232 हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओ

# ऊमरी पुलिस ने लुटेरों को गिरफ्तार कर,साड़े चार लाख का रुपये का माल बरामद किया

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी भिण्ड । पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ. असित यादव,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भिण्ड संजय कुमार के मार्ग दर्शन में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु कार्यवाही करते हुये दिनांक 07/12/2023 को कनावर तिराहा पर हुई लूट के अपराध को कारित करने वाले लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।दिनांक 07/12/2023 को ग्राम कनावर के मुन्ना सिंह भदौरिया अपने पुत्र राजेन्द्र की शादी के लिये कस्बाऊमरी में अपने परिजन व रिश्तेदारों के साथ विजय जैन की सराफा की दुकान से चढावा के लिये सोने चांदी के जेवरात खरीदने आये थे जो जेवरात खरीद कर घर जाने लगे कनावर तिराहे पर दो बदमाशों ने मुन्ना सिंह के दामाद राजू सिंह से जेवरात का थैला जिसमें 4,50,000 रुपये कीमती जेवरात थे लूट कर भिण्ड की ओर भाग गये। फरियादी राजू सिंह तोमर पुत्र नरेश सिंह निवासी बडी कौंथर थाना पोरसा की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना ऊमरी पर अपराध क्र. 329/2023 धारा 392 भा.द.वि. 11/13 एमपीडीपीके एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अज्ञात आरोपियों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया तथा टीम का गठन कर सतत पतारसी के निर्देश दिये जिस पर टीम के द्वारा तकनीकी माध्यम से निरंतर पतारसी कर प्रकाश नगर दतिया पहुंचे जहां विश्वसनीय मुखबिरों को सीसीटीव्ही कैमरों से प्राप्त आरोपियों के हुलिये से अवगत कराकर



मामूर किया गया। दिनांक 18/12/2023 को मुखबिर की सूचना पर प्रकाश नगर तिराहा दतिया पर टीम द्वारा घेरा बंदी कर मुखबिर के बताये अनुसार संदेहियों को पकडा जिनसे पृथक-पृथक पूछताछ की गई जिन्होने जुर्म करना स्वीकार किया। एक आरोपी के कब्जे से लूटे गये सोने चांदी के जेवरात एक सोने का हार, दो जनानी अगूठी, एक चाँदी का गुच्छा, एक सोने के बेंदा तथा अन्य अपचारी (विधि विरुद्ध बालक) के कब्जे से एक सोने की जंजीर, दो सोने की अगूठी, दो सोने की चूडी, एक जोड चाँदी की पायल तथा घटना में प्रयुक्त होण्डा कंपनी की मोटर सायकिल जप्त की गई। उक्त आरोपी व विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया गया जिन्हे न्यायालय पेश किया जा रहा है।उक्त आरोपी व विधि विरुद्ध बालक द्वारा पूर्व में थाना सिविल लाइन दतिया, कोतवाली, नरवर (शिवपुरी), तथा आगरा में लूट एवं चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है जिनसे अन्य घटनाओं के खुलासा की संभावना है।

**जप्त मसरूका–** एक सोने का हार, दो जनानी अगूठी, एक चाँदी का गुच्छा, एक सोने के बेंदा, एक सोने की जंजीर, दो सोने की अगूठी, दो सोने की चूडी, एक जोड चाँदी की पायल कीमती कुल 4,50,000 रुपये,घटना में प्रयुक्त होण्डा कंपनी की मोटर सायकिल कीमती करीब एक लाख रुपये।

**सराहनीय भूमिकाः–**

उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, उपनिरीक्षक भान सिंह सिसौदिया,प्रधान आरक्षक आशीष तिवारी, प्रवीण तिवारी, शिवकुमार दुबे,आरक्षक संतोष जाट, धर्मपाल सिंह परिहार,भानू प्रताप सिंह, प्रताप रजक,राहुल सिंह तोमर, विमल भदौरिया,आलेश सिंह, आकाश शुक्ला,महिला आरक्षक लक्ष्मी **सायबर सैल टीम–** उपनिरीक्षक दीपेन्द्र यादव प्रभारी सायबर सैल,एएसआई सत्यवीर सिंह,प्रधान आरक्षक प्रमोद पाराशर,महेश कुमार,सतेन्द्र सिंह,आरक्षक यतेन्द्र सिंह,राहुल यादव,हरपाल,असवार थाना प्रभारी उपनिरीक्षक वैभव तोमर,आरक्षक गजेन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मालनपुर स्वास्थ्य केंद्र से भेजा गया कमला राजा चिकित्सालय ग्वालियर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**

मालनपुर केंद्र स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी शिविर मैं ऑपरेशन के दौरान बंजारे के पुरा की रहने वाली महिला सुक्कू बाई की हालत बिगड़ते देख सर्जन डॉ प्रतीक मिश्रा ने 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के द्वारा शीघ्र कमला राजा चिकित्सालय ग्वालियर भिजवाया,जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार दोपहर 3–00 बजे की है ग्राम बंजारे का पुरा निवासी महिला सुक्कू



बाई पत्नी प्रेम सिंह उम्र 33साल जाति बंजारा, जिसके पास पहले से दो बच्चा, और एक बच्ची है और उसका पति प्रेम सिंह गांव में बेलदारी करके जीवन यापन करता है इस कारण सुक्कू बाई ने मंगलवार को आशा सीमा को बताया कि उसे भी नसबदी ऑपरेशन करवाना है इसलिए मंगलवार सुक्कू बाई अपने पति प्रेम सिंह और आशा सीमा के साथ स्वास्थ्य केंद्र मालनपुर आई, जिसमें टोटल ऑपरेशन 29 थे परंतु ऑपरेशन के दौरान सुक्कू बाई की हालत खराब होने लगी हालत बिगड़ती देख सजन डाक्टर प्रतीक मिश्रा द्वारा पीड़ित को शीघ्र कमला राजा महिला एवं बाल चिकित्सालय ग्वालियर के लिए जानकारी जिसकी हालत स्वस्थ बताई जा रही है यह जानकारी नर्स ऑफिसर राहुल सोनी द्वारा दी गई है उन्होंने बताया कि महिला का नसबंदी ऑपरेशन के समय बीपी लो हो जाने से पल्स डाउन हो रही थी जिससे उसे तुरंत 108 द्वारा ग्वालियर कमला राजा हॉस्पिटल में भर्ती कराया व स्वस्थ है

# मप्र कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष जीतू पटवारी का हुआ भव्य स्वागत



सीहोर/मप्र में कांग्रेस पार्टी द्वारा युवा नोजवान प्रदेशाध्यक्ष के रूप में जीतू पटवारी की नियुक्ति से युवा में उत्साह का संचार हुआ है। भोपाल जाते वड़ूत सीहोर बायपास के सेकडाखेड़ी जोड़ पर मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी का सीहोर के कांग्रेसजनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मप्र युवक कांग्रेस के अध्यक्ष और विधायक विक्रांत भूरिया विशेष रूप से उपस्थित थे। युवा कांग्रेस नेता मनीष राय एवं छात्र नेता हरिओम सिसोदिया ने बताया कि बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं ने युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव राजीव गुजराती के नैतृत्व में प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राममूर्ति शर्मा, ओम वर्मा, जिला पंचायत सदस्य शशांक सक्सेना, हरीश राठौर, रमेश गुप्ता, विवेक राठौर, राजेन्द्र वर्मा, भूरा यादव, मुस्तुफा अंजुम, देवेंद्र ठाकुर,देवेंद्र चौधरी, मनीष मेवाड़ा, गजराज परमार, सर्वेश व्यास, तानिष त्यागी, सद्दाम, आसिफ अंसारी, लकी सक्सेना, शुभम मालवीय, अनिल परमार, अमन घवरी, अजय रैकवार, विनीत गोयल,विवेक टांक, सोनू परिहार, सोनू विश्वकर्मा, विक्की विश्वकर्मा, राहुल पाटीदार, भूपेंद्र शर्मा, अशरफ भाई, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मल्टी लेयर कृषि प्रणाली प्रशिक्षण कार्यक्रम





सूर्या फाउंडेशन आदर्श गाँव योजना के द्वारा भिंड जिला के टूडीला ग्राम पंचायत में मल्टी लेयर फार्मिंग का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजना किया गया 7 प्रशिक्षण में 50 से अधिक किसानो ने प्रशिक्षण में भाग लिया। मल्टी फार्मिंग के जनक व् प्रधानमंत्री उन्नत कृषक से सम्मनित श्री आकाश चौरसिया एव उनके सहयोगी गौरव जी द्वारा किसानो को विभिन प्रकार का प्रक्टिकल व् थ्योरी जानकारी उपलब्ध करवाया गया 7 टूडीला ग्राम पंचायत किसान श्री कमलेश जाटव जी के 60* 80 फीट के खेत पर मल्टी फार्मिंग लेयर का प्रयोग किया गया। प्रशिक्षण में 7 गाँव 50 से अधिक प्राकृतिक जैविक खेती करने वाले किसानो ने भाग लिया श्री आकाश जी के द्वारा निम्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया -

1 - प्राकृतिक एव जैविक खेती
2 - बहुमंजिला कृषि प्रैक्टिकल अभ्यास
3 - कम पानी एव अन्य विधियों द्वारा उत्पादन में बढ़ोतरी
4 - देशी बीजो का महत्व एवं भूमि स्वास्थ्य प्रबंधन
5 - मिटटी का संतुलित और सम्पूर्ण आहार ब नाने की प्रक्रिया
6 - भारतीय गाय का महत्व, आहार, नस्ल सुधार एवं गौ पालन प्रबधन

आदि विषयो पर महत्व पूर्ण जानकरी व् प्रयोग अभ्यास किया गया 7 श्री संजय जी ने कहा यह प्रशिक्षण किसानो के लिए आर्थिक उन्नति की एक रास्ता होगा जो खेत और किसान से हो कर जायेगा जो इस रास्ते में चले गा उसका जीवन समृधि भरा होगा उन्नत कृषि प्रणाली वाली यह पद्धति अधिक लाभ वाली है किसानो को समृधि शाली व्यवस्था का भाग बनाएगा 7 आदर्श गाँव योजना प्रमुख श्री प्रमोद जी ने कहा की यह प्रणाली द्वारा किसानो की आय दुगनी का प्रमुख साधन है किसान इस विधि के माध्यम से खेती की लागत में बहुत कमी आयेगी और लाभ का प्रतिशत बहुत बढेगा इस विधि के करण किसानो की आत्महत्याओं में भी कमी आयेगी । कार्यक्रम के सूर्या फाउंडेशन जैविक खेती प्रकल्प के प्रमुख श्री संजय वशिष्ट एव आदर्श गाँव योजना प्रोजेक्ट हेड श्री प्रमोद आसरे, जोनल हेड श्री सत्रुघन लाल जी, सूर्या फाउंडेशन के ष्ह्यह्र हेड श्री शिव राजवाड़े जी ग्राम पंचायत सरपंच श्री एदल गुर्जर, सचिव जितेन्द्र गुर्जर, पूर्व कृषि विस्तारक अधिकारी श्री कमलेश शर्मा जी जैविक खेती के उन्नत किसान समर्थ सिंह, सूर्या फाउंडेशन आदर्श गाँव योजना के सीनियर प्रोग्राम कोआर्डिनेटर श्री अशोक कुमार आजीविका प्रमुख श्री रवि तिवारी, कलस्टर कोआर्डिनेटर श्री राजीव सिंह एवं 08 विलेज कोआर्डिनेटर आदि उपस्थित रहे।





# समिति के 9वें वर्ष में कार्यकारिणी का पुनर्गठन आशीष अग्रवाल अध्यक्ष,विकास और गौरव उपाध्यक्ष मनोनीत



सबलगढ़/अग्रवाल समाज विकास समिति के तत्वाधान में विगत 8 वर्षों से चलाया जा रहा निशुल्क चिकित्सा सहायता शिविर प्रति रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्री राम मंदिर सबलगढ़ में लगाया जाता है जिसके 333 वे निशुल्क चिकित्सा शिविर में 120 मरीज को समिति संरक्षक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.एमपी गुप्ता द्वारा स्वास्थय लाभ प्रदान किया गया साथ ही मरीजों को दवाइयां वितरित की गई डॉक्टर गुप्ता ने बताया कि ज्यादातर मरीज सर्दी जुकाम खांसी निमोनिया जैसी मौसमी बीमारियों के मिल रहे हैं उन्होंने मरीजों से बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने को कहा ज्ञात हो हाल ही मै समिति के 9वें वर्ष में प्रवेश करने पर कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया जिसमे आशीष अग्रवाल को सर्व समिति से अध्यक्ष,विकास मित्तल और गौरव बिंदल उपाध्यक्ष,राहुल गुप्ता कोषाध्यक्ष, सूरज अग्रवाल सचिव, गिरधारी और कल्ला गुप्ता सह सचिव मनोनीत किए गए साथ ही नितिन व अनिकेत संगठन मंत्री,पुलकित सहा.संगठन मंत्री, पंकज, हिमांक, नमन व अमित को मीडिया प्रभारी सहित 20 कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया गया उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 से राम मंदिर सबलगढ़ में लगातार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है साथ ही समय समय पर बाहर के डाक्टरों द्वारा विशाल शिविर लगवाकर व बाजार से आधी कीमत पर अनेक प्रकार की जांच कराकर मरीजों को स्वस्थ लाभ प्रदान किया जाता है प्रत्येक रविवार को लगने वाले इस शिविर में नगर के अग्र बंधुओं द्वारा दवाओं का प्रबंध किया जाता है।उक्त स्वस्थ शिविर में संरक्षक भगवती प्रसाद बिंदल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# सिंघाना में हिंदू उत्सव समिति द्वारा श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



**धार (सिंघाना)** – अयोध्या प्रभु राम जी की है आज अयोध्या भव्यता के साथ सज रही है। हिंदू समाज के पराक्रम और शौर्य से आज भव्य नवीन मंदिर निर्माण हो रहा है। भारत पूरे विश्व के लिए राजधानी बनने वाला है उक्त प्रेरक उद्बोधन सिंघाना में हिंदू उत्सव समिति द्वारा श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सिंघाना मंडल की वृद्ध बैठक सिर्वी समाज धर्मशाला सिघाना में बजरंग दल प्रांत मिलन प्रमुख मंगलेश जी सोनी ने कहीं। उन्होने आगे कहा कि यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि आज भव्यता के साथ भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है। और हम सबके लिए सौभाग्य का विषय है। आज हमें अक्षत पुष्प कलश के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा में आने का आमंत्रण मिला है। इस कार्यक्रम के निर्मित हम सबको भगवान श्री राम का चित्र एवं पीले चावल आमंत्रण पत्र घर-घर तक पहुंचना है। हम सबको इसमें सहभागी होना चाहिए। मेरा गांव मेरी अयोध्या और सबके राम सब में राम के साथ ही हमें भव्य उत्सव हमारे गांव के मोहल्ले और बस्ती हमारे घर के आंगन में मनाना है। उन्होंने आगे बताते हुए कहा की राम जन्मभूमि आंदोलन 500 वर्षों के संघर्ष काल के इतिहास के बारे में वृत्तांत बताया, किस तरह हमारे राम भक्त बलिदान हुए और यह लंबे अंतराल तक संघर्ष चला। इस अवसर पर सिंघाना मंडल के सात ग्रामों से आए राम भक्तों को अक्षत पुष्प कलश देकर अपने गंतव्य की प्रस्थान किया। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा भगवान श्री राम दरबार के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथि माननीय जिला संचालक जी राजेंद्र पाटीदार, आयोजन के मंडल संयोजक दिनेश पाटीदार मंचासीन थे। इस अवसर पर डोंगरगांव, कोसवाड़ा, पलासी, बुदियाखेड़ी, अजंदीकोट शाला, करोदिया, ब्रह्मामणपुरी, रणतलाब आदि ग्रामों से बड़ी संख्या में राम भक्तों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

# गैस टंकी चोर पकड़ा

फरियादी राजेंद्र पिता मोहनलाल कुशवाह निवासी न्यू गोरी नगर की घर के बाहर परिसर में रखी गैस की टंकी चुराकर ले जाते हुए मुन्ना पिता राजाराम को रंगे हाथों पकड़ा और पुलिस के हवाले किया पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है

# चार नशेड़ी गिरफ्तार

छोटी ग्वालटोली पुलिस ने गांजा पीते हुए विनोद पिता रमाशंकर यशवंत पिता अनिल ललित पिता जगदीश और पिता सुनील को पकड़ा उनके पास गांजा की पूरियां बरामद की सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया

# 6 महीने पूर्व मारपीट के मामले में दबाव बनाने वाले को दरोगा ने सिखाया सबक, ऑडियो वायरल

**शमशाबाद/ फर्रुखाबाद युवक और दरोगा की बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है जिसमें दोनों की नोक झोक हो रही है हालांकि ऑडियो की पुष्टि एक युवक खुद को संसद का प्रतिनिधि बताकर दरोगा से बात कर रहा है उसने दरोगा पर गांव हं शाहपुर गौ रा ई मैं हुई मारपीट में रुपए लेने का आरोप लगाया दरोगा कह रहे हैं कि दोनों ओर से मुकदमे लिखे गए थे दोनों में चार्ज शीट लगा दी गई है थाना अध्यक्ष ने बताया कि गांव हं शाहपुर गौ रा ई गांव में पूर्व में विवाद हुआ था युवक कौन है इसकी जानकारी की जा रही है**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का गणपुर में हुआ शुभारंभ यात्रा सिरसी पहुंची।

धार (मनावर) - भारत सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन राज्य सरकार की सहभागिता से क्रियान्वयन किया जा रहा है इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभ और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करना एवं समाज में अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाए जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र जी मोदी का कहना है कि हमारा संकल्प विकसित भारत राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राष्ट्र के लिए निरंतर प्रयास हर भारतीय का मनोभाव बन रहा है केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही सरकार का उद्देश्य है और इसी संकल्प के साथ जनता के बीच संकल्प यात्रा के माध्यम से जन जागरूकता है शासन का उद्देश्य है ग्राम गणपुर में दिनांक 17 12 2023 को संकल्प यात्रा प्रात 11–00 बजे शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण गणपुर चौकड़ी पर पहुंची जहां पर यात्रा का शुभारंभ यात्रा प्रभारी मोहन जी भायल भाजपा विधानसभा प्रत्याशी व जिला पंचायत सदस्य शिवराम गोपाल जी कन्नौज रंजना जी बघेल जिला पंचायत सदस्य कपिल जी सोलंकी जनपद अध्यक्ष रुकमा मुवेल महेंद्र जी परीहार नारायण जी सोनी गणेश जर्मन व भाजपा के समस्त पदाधिकारी द्वारा किया गया।

# विकसित भारत 2047 पर परिचर्चा का आयोजन


सीहोर। मंगलवार,19 दिसम्बर 2023 को चन्द्रषेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में विकसित भारत-2047 पर विषय विषेषज्ञों द्वारा परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जलन व माल्यार्पण कर किया एवं परिचर्चा के मुख्य उद्देष्य पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

भारत आयातित वस्तुओं से नहीं स्वदेशी वस्तुओं से विश्व गुरु बनेगा हमारे संस्कार, धर्म, मूल्य, संस्कृति को हमें अपनाना होगा। विश्व गुरू बनने के लिए पूरे विश्व में योग और आयुर्वेद को फैलाना होगा। ये विचार विषेष वक्ता डॉ. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी, शासकीय हमीदिया कॉलेज, भोपाल द्वारा व्यक्त किये गये। कार्यक्रम में विषेष वक्ता के रुप में श्री मनीष दुबे, संजय गाँधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गंजबासोदा, विदिशा ने बताया भारत के विकास में भारत के गौरवान्वित अतीत की महत्वपूर्ण भूमिका है। जो आज भारत में विकास हो रहा है। ये उसी गौरवशाली अतीत का परिणाम है। आज भारत की संस्कृति पूरे विश्व को प्रभावित कर रही है। इसी कारण भारत ग्लोबल लीडर बन रहा है। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री विनयमणि त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संपन्न एवं सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के बारे में विस्तार से समझाया।



कार्यक्रम का कुषल संचालन व आभार संयोजक डॉ. गीता वर्मा द्वारा किया गया। परिचर्चा के आयोजन में डॉ. महेन्द्र आयन्यास एवं डॉ. फरजाना रिजवी ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। परिचर्चा के सफल आयोजन में डॉ. गीता वर्मा, डॉ. रुखसाना अंजुम खान, श्री विनयमणि त्रिपाठी, पूर्णिमा सिंह परिहार और डॉ. प्रियंका अहिरवार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के सभी संकाय के अधिकाधिक विधार्थियों ने विकसित भारत-2047 पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराया और ऐप पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

# हड्डियों ही नहीं मेंटल हेल्थ के लिए भी है फायदेमंद है सूरज की रोशनी, जानें इसके गजब के फायदे



**सूरज की रोशनी हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण होती है यह तो बचपन में पढ़ा होगा लेकिन क्या आपको इससे सेहत को मिलने वाले फायदों के बारे में पता है। सूरज की रोशनी आपके शरीर की कई परेशानियों को कम कर सकता है। जानें रोज सुबह धूप में थोड़ा वक्त बिताने से आपको सेहत से जुड़े क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।**

सर्दियों में गिरते तापमान की वजह से, हम अपने घरों में सिमट कर रह जाते हैं। खुद को गर्म रखने के लिए और ठंड से बचने के लिए हम बाहर निकलना कम पसंद करते हैं। बाहर न जाने की वजह से, सूरज की रोशनी काफी कम मिल पाती है। इसके अलावा, धूप की वजह से होने वाली टैनिंग से बचने वाला कल्चर भी हमारे दिमाग में काफी गहरी जड़ें जमा चुका है, जिस वजह से भी हम धूप में जाने से बचने की कोशिश करते हैं। लेकिन सूरज की रोशनी हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद हो सकती है। रोज थोड़ी देर सनलाइट में समय बिताने से आपको सेहत के अनगिनत लाभ मिल सकते हैं। आइए जानते हैं, सूरज की रोशनी लेने से हमें क्या फायदे हो सकते हैं।

सूरज की रोशनी से मिलने वाले फायदों के लिए आपको अलग से कोई मेहनत करने की जरूरत नहीं होती है। सुबह के समय अपने घर की छत पर वॉक करने से, थोड़ी देर शांति से धूप में बैठकर या अपनी सुबह की चाय या कॉफी को अपनी बालकनी में बैठकर पी सकते हैं। इससे आपके शरीर को सनलाइट भी मिल जाएगी और आपको अलग से कोई मेहनत भी नहीं करनी पड़ेगी।

**विटामिन-डी का डोज**

विटामिन-डी हमारे शरीर में कैल्शियम के अब्जॉर्प्शन के लिए जरूरी होता है। इसकी कमी की वजह से, हड्डियां कमजोर होनी शुरू हो जाती हैं। हमारे शरीर को सबसे ज्यादा विटामिन-डी सूरज की रोशनी से मिलता है। इसलिए सूरज की रोशनी में थोड़ी देर समय बिताने से आपका रोज का विटामिन-डी का डोज पूरा हो सकता है।

**बेहतर मेंटल हेल्थ**

सर्दियों के मौसम में कई लोग सीजन अफेक्टिव डिस्ऑर्डर का शिकार बन जाते हैं। इससे बचाव या राहत पाने में सूरज की रोशनी मददगार साबित हो सकती है। सुबह-सुबह की धूप में थोड़ी देर रहने से आपका मूड बेहतर हो सकता है। यह आपके शरीर में हैप्पी हार्मोन सेरोटोनिन रिलीज करवाता है, जिससे हमारा मूड बेहतर बनता है।

**स्ट्रेस कम करता है**

सूरज की रोशनी हमारे शरीर में हैप्पी हार्मोन्स रिलीज करवाते हैं, जिस वजह से स्ट्रेस कम होता है। इसलिए सनलाइट स्ट्रेस कम करने में फायदेमंद हो सकता है।

**दिन की फ्रेश शुरुआत**

सुबह उठने के काफी देर बाद तक भी हम फ्रेश महसूस नहीं कर पाते हैं। इस परेशानी को दूर करने में सुबह के समय सनलाइट में समय बिताना मददगार साबित हो सकता है। यह आपके मूड को बेहतर बनाता है और आप ज्यादा एक्टिव महसूस करते हैं।

**स्लीप साइकिल बेहतर होता है**

सुबह के समय सूरज की रोशनी लेने से आपका कार्डियक रिदम यानी आपकी सोने और जागने की साइकिल बेहतर हो सकती है। इस वजह से, रात को बेहतर नींद आती है और आप अगले दिन ज्यादा फ्रेश महसूस करते हैं। इस कारण से आपकी सेहत भी दुरुस्त रहती है।

# उच्च वृद्धि बनाए रखने के लिए उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा मिले




यह उपभोक्ता और निवेश खर्च में वृद्धि की निरंतरता पर निर्भर करता है कि मध्यम से दीर्घावधि में 7 या 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर बनी रह सकती है या नहीं। भारत बड़े निवेश प्रवाह को आकर्षित कर रहा है तथा कई क्षेत्रों में बहुत सकारात्मक विकास दृष्टिकोण है। इसलिए विकास को बनाए रखने के लिए केवल मूल्य व नीतिगत स्थिरता और राजकोषीय विवेक की आवश्यकता होती है।

सरकार ने इस साल 30 नवंबर को जुलाई से सितंबर तक की अवधि यानी दूसरी तिमाही के आर्थिक आंकड़े प्रकाशित किए। इन्हें राष्ट्रीय आर्थिक उत्पादन का त्वरित अनुमान कहा जाता है। वे आउटपुट संख्याओं के दो व्यापक सेट अर्थात सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लिए प्रदान किए जाते हैं। पहला सेट प्रत्येक व्यक्तिगत उत्पादक या क्षेत्र अथवा उद्योग द्वारा अर्थव्यवस्था में जोड़े गए मूल्य का एक उपाय है। यह निश्चित रूप से सभी उत्पादकों में मापा जाता है, चाहे वे किसान हों, छोटे उद्यमी हों या बड़ी कंपनियां। जीवीए इस प्रकार इनपुट को आउटपुट में परिवर्तित करने में जोड़े गए मूल्य को मापता है। उत्तरार्द्ध यानी जीडीपी एक निश्चित अवधि के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य है जो वार्षिक जीडीपी या त्रैमासिक जीडीपी हो सकता है। इसे तीन अलग-अलग तरीकों से मापा जाता है- या तो सभी उत्पादन के मूल्य के रूप में अथवा सभी व्यय के या सभी आय के। तीनों एक ही परिणाम देते हैं क्योंकि जो बेचा जाता है उसका कुल मूल्य उन लोगों की आय का भी प्रतिनिधित्व करता है जो बेचे जाते हैं। जीवीए और जीडीपी के बीच एकमात्र अंतर भुगतान किए गए करों या प्राप्त सब्सिडी का है। आम तौर पर जीडीपी हमेशा जीवीए से अधिक होती है क्योंकि सरकार वास्तविक कर लगाती है जिसका संग्रह सब्सिडी से अधिक होता है।

चालू मूल्य पर जुलाई से सितंबर की अवधि के लिए मापी गई जीडीपी 72 लाख करोड़ रुपये रही जो पिछले साल की समान अवधि में 66 लाख करोड़ रुपये थी। इस ओर पिछले वर्ष की समान दो तिमाहियों के लिए जीवीए क्रमश- 64 और 59 लाख करोड़ था। इस तिमाही दर पर चालू कीमतों पर वार्षिक जीडीपी चालू वित्त वर्ष के दौरान 300 लाख करोड़ तक पहुंचने की संभावना है। यह दस साल पहले 2012 की तुलना में तीन गुना या 200 प्रतिशत अधिक होगा।जीडीपी और जीवीए के लिए बढ़ती कीमतों के असर को हटाकर इन्हीं आंकड़ों की जांच करने की जरूरत है। ऐसे में जब पिछले चार साल से मुद्रास्फीति औसतन पांच प्रतिशत के करीब है, मौजूदा कीमतों पर मापा जाने वाला जीडीपी या जीवीए में वृद्धि %वास्तविक' तस्वीर नहीं है क्योंकि इसमें %बढ़ा-चढ़ाकर' बताया जाना वाला घटक भी है। मुद्रास्फीति के प्रभाव को हटा दें तो दूसरी तिमाही के दौरान जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही जो पिछले साल की 6.2 फीसदी से ज्यादा है। यह काफी प्रसन्नता की बात है।अगर हम इस साल की दोनों तिमाहियों यानी अप्रैल से सितंबर की अवधि को एक साथ जोड़ लेते हैं तो जीडीपी में वास्तविक रूप से 7.7 प्रश की वृद्धि हुई है। इस दर से पूरे वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि निश्चित रूप से 7 प्रति सैकड़ा को पार कर जाएगी और भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना देगी। युद्ध, मुद्रास्फीति, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, जियो पोलिटिकल तनाव और अनिश्चितता के कारण उथल-पुथल के कठिन समय में जीडीपी वृद्धि प्राप्त करना एक बहुत ही शानदार उपलब्धि है।इसलिए हमें तीन चीजों की जांच करने की जरूरत है। सबसे पहले तो इस सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को कौन से घटक प्रेरित कर रहे हैं। दूसरा, क्या यह मध्यम से लंबी अवधि में टिकाऊ है और तीसरा, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के लाभ लोगों के विभिन्न वर्गों, उनकी आजीविका, आय और रोजगार के संदर्भ में लाभ के रूप में क्या बदलाव आ रहे हैं।पहले सवाल का जवाब यह है कि उपभोक्ता खर्च की तुलना में सरकार का खर्च और निवेश खर्च बहुत तेजी से बढ़ा है। ध्यान रखें कि सरकारी खर्च 10 प्रश और निवेश खर्च (जिसे पूंजी निर्माण भी कहा जाता है) 30 फीसदी बढ़ा है। बाकी का खर्च उपभोग खर्च है जो खर्च का सबसे बड़ा हिस्सा है। वर्तमान में शुद्ध निर्यात मुश्किल से 1 या 1.5 प्रतिशत है। गत वर्ष की तुलना में जुलाई से सितंबर की नवीनतम तिमाही के दौरान सरकारी खर्च 19 फीसदी की दर से बढ़ा। इस तिमाही में यह 7 लाख करोड़ रहा जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 5.9 लाख करोड़ था। इसी तरह, निवेश खर्च पिछले साल की तुलना में 13 प्रति सैकड़ा बढ़कर 21.5 लाख करोड़ हो गया जो पिछले साल 19.1 लाख करोड़ था। स्पष्ट रूप से ये दोनों एक शानदार गति से विकास दर को चला रहे हैं। दूसरी ओर, उपभोक्ता खर्च पिछले साल की तुलना में इस तिमाही में सिर्फ 8 प्रति सैकड़ा बढ़ा। ये सभी नाममात्र के आंकड़े हैं जिन्हें मुद्रास्फीति और बढ़ती कीमतों के प्रभाव के लिए समायोजित नहीं किया गया है।यदि आप मुद्रास्फीति के लिए सही आंकलन करते हैं तो उपभोक्ता खर्च केवल 3 प्रतिशत के आसपास बढ़ रहा है और यह सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत बनाता है। यदि मध्यम अवधि में वास्तविक जीडीपी वृद्धि की गति को 7 फीसदी बनाए रखना है तो उपभोक्ता खर्च घटक को 6 या 7 प्रतिशत के करीब बढ़ना होगा। इसका मतलब है कि जुलाई से सितंबर की नवीनतम तिमाही के दौरान यह (वास्तविक रूप में) जिस दर से बढ़ी है, उसे दोगुना करना। यदि रोजगार, मजदूरी और खुदरा ऋ णों में अनुरूप वृद्धि होती है तो उपभोक्ता खर्च की गति को बनाए रखा जा सकता है।

खुदरा ऋणों में आवास ऋ ण शामिल हैं जो विकास में महत्वपूर्ण सहयोगी हो सकते हैं। उच्च मुद्रास्फीति उपभोक्ता भावना पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है क्योंकि लोग विवेकाधीन वस्तुओं पर खर्च में कटौती करते हैं। निवेश खर्च बढ़ रहा है जो एक बहुत अच्छा संकेत है। इसमें निजी पूंजीगत खर्च का एक बढ़ता हुआ घटक होना चाहिए और इसे केवल बुनियादी ढांचे पर सरकारी खर्च पर निर्भर नहीं होना चाहिए। राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान करने वाली सरकार घाटे की स्थिति से बाधित है इसलिए इसे नियंत्रित करने की जरूरत होगी। छमाही आधार पर वर्तमान कीमतों पर जीडीपी का सरकारी घटक 9 प्रतिशत बढ़ा जो उपभोक्ता खर्च घटक की तुलना में थोड़ा अधिक है। फिर भी, हम 2024 के राष्ट्रीय चुनावों के करीब आ रहे हैं इसलिए इस वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने की संभावना है जो जीडीपी विकास को अतिरिक्त ताकत प्रदान करेगा।यह उपभोक्ता और निवेश खर्च में वृद्धि की निरंतरता पर निर्भर करता है कि मध्यम से दीर्घावधि में 7 या 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर बनी रह सकती है या नहीं। भारत बड़े निवेश प्रवाह को आकर्षित कर रहा है तथा कई क्षेत्रों में बहुत सकारात्मक विकास दृष्टिकोण है। इसलिए विकास को बनाए रखने के लिए केवल मूल्य व नीतिगत स्थिरता और राजकोषीय विवेक की आवश्यकता होती है।

जहां तक तीसरे सवाल की बात है कि विकास के लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक कैसे पहुंच रहे हैं, हमें सर्वेक्षणों के माध्यम से अधिक सूक्ष्म आर्थिक आंकड़ों की आवश्यकता होगी। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) पुरुषों और महिलाओं दोनों द्वारा बढ़ती रोजगार संख्या और उच्च श्रम बल भागीदारी दर का संकेत दे रहा है। वास्तविक मजदूरी दरों में वृद्धि की पुष्टि करने की आवश्यकता है।चूंकि उपभोक्ता खर्च में वृद्धि की वर्तमान दर कम है, तो इसका अर्थ है कि भले ही मजदूरी बढ़ रही हो किन्तु श्रमिकों की आय पर्याप्त तेजी से नहीं बढ़ रही है। आरबीआई उपभोक्ता भावना सर्वेक्षण भी एक उपयोगी गाइड है। यहां भी मुद्रास्फीति की उम्मीद कम होने से उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ाने में मदद मिलेगी। आम तौर पर उच्च आय वाले परिवारों में बचत का अनुपात बहुत अधिक होता है इसलिए उपभोक्ता खर्च में निरंतर वृद्धि के लिए सभी आय श्रेणियों में विकास के लाभ की आवश्यकता होती है। यह कुछ ऐसा मुद्दा है जिसे हमें देखने की जरूरत है। अर्थव्यवस्था के बारे में आ रहे समाचार बेहतर हो रहे हैं और यह जरूरी है कि आर्थिक नीति यह सुनिश्चित करे कि विकास प्रक्रिया वास्तव में समावेशी हो।

## संपादकीय

# स्वस्थ परंपरा नहीं

इसमें दो राय नहीं कि संसद पर दो दशक पहले हुए हमले वाले ही दिन दुबारा सूरक्षा चूक का जो मामला सामने आया, उस पर सांसदों की तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक ही थी। मगर घटना के विरोध में भारी हंगामा भी टाला जाना चाहिए था। निस्संदेह, जनप्रतिनिधि किसी भी समाज के नायक होते हैं और उनके व्यवहार का सीधा प्रभाव समर्थकों व नागरिकों पर भी होता है। वहीं दूसरी ओर 15 विपक्षी सांसदों का शीतकालीन सत्र के लिये निलंबन भी अप्रिय घटनाक्रम ही कहा जाएगा। यह भी हकीकत है कि विपक्ष ने भी सूरक्षा चूक मामले को सरकार को घेरने के एक अवसर के रूप में देखा। यह विडंबना ही कही जाएगी कि हाल के दिनों में संसद के दोनों सदनों में जहां विपक्षी सांसदों में खासी तल्खी देखी जाती है, वहीं सत्तापक्ष द्वारा भी उसी अंदाज में प्रतिकार होता है। निस्संदेह, इस तरह का व्यवहार स्वस्थ लोकतंत्र के हित में कदापि नहीं कहा जा सकता। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, दोनों ही जनहित के सरोकारों को लेकर प्रतिबद्ध होते हैं। सत्ता पक्ष का दायित्व जहां आर्थिक विकास व नियोजन का क्रियान्वयन करना होता है, वहीं विपक्ष का दायित्व सत्ता पक्ष के निरंकुश व्यवहार पर अंकुश लगाना होता है। दोनों जनहित में प्रयासरत रहते हैं तो ऐसे में तल्खी, अप्रिय वाद-विवाद तथा निलंबन आदि का औचित्य क्या है? दोनों पक्षों को दुराग्रह से मुक्त होकर सुचारु रूप से सदन चलाना चाहिए। जाहिर बात है कि लोकसभा में विपक्ष के चौदह और राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन के निलंबन को टालने का प्रयास करना चाहिए था। अतीत में भी सदन में गर्मागर्मी व तीखी बहसें होती रही हैं लेकिन सत्ता पक्ष अप्रिय टकराव टालने के प्रयास करता रहा है। निस्संदेह, माननीयों के व्यवहार में शालीनता, गरिमा व धैर्य जैसे मानवीय भाव दृष्टिगोचर होने चाहिए। जिससे देश की जनता व विदेश में भारत की स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं का संदेश जाए।

दरअसल, सूरक्षा चूक के मामले में विपक्ष गृहमंत्री के बयान देने की मांग पर अड़ा था। साथ ही मांग थी कि भाजपा के उस सांसद पर भी कार्रवाई हो, जिसकी अनुशंसा पर आरोपियों को संसद की दर्शक दीर्घा में प्रवेश मिला। बहुत संभव है देर-सवेर सरकार के किसी जिम्मेदार मंत्री द्वारा विपक्ष की मांग पर बयान दिया जाता। वहीं दूसरी ओर उत्तेजित हुए विपक्षी सांसदों को भी जरूरी संयम का परिचय देना चाहिए था। लेकिन आम चुनाव की ओर बढ़ते देश में लोकसभा के आखिरी सत्र में राजनीतिक प्रतिक्रिया के निहितार्थ समझना भी कठिन नहीं है। निस्संदेह, संसद की सुरक्षा एक संवेदनशील मुद्दा है और बाईस साल पहले हुए हमले में हमने बड़ी कीमत चुकायी थी। विश्वास था कि उस घटना से सबक लेकर हमने सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था की होगी।

लेकिन येन-केन-प्रकारेण दो युवक संसद की सुरक्षा व्यवस्था को भेदने में कामयाब हुए। जाहिर है कि देश की संसद की सुरक्षा में खामी रहने से उपजे घटनाक्रम का देश के जनमानस के मनोबल पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसे में विपक्ष का सुरक्षा चूक मामले में जवाब मांगना तो बनता ही था। लेकिन इस मामले में सुरक्षा व जांच एजेंसियों की पड़ताल के लिये भी समय दिया जाना चाहिए। निस्संदेह, यह सरकार के सुरक्षा प्रबंधों की विश्वसनीयता का प्रश्न भी है। इस मामले में विपक्ष से भी जवाबदेह व संवेदनशील व्यवहार की उम्मीद की ही जाती है।

इसके बावजूद सतारूढ़ पक्ष द्वारा विपक्षी सांसदों के निलंबन की कार्रवाई को सिर्फ अपवाद स्वरूप ही करना चाहिए। तभी अच्छा संदेश जाएगा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में सत्ता पक्ष एक परिपक्व व्यवहार का परिचय देता है। बहरहाल, सूरक्षा चूक का मामला कई सबक देकर गया है। सांसदों को दर्शक दीर्घा जाने वाले लोगों को पर्याप्त जांच-पड़ताल के बाद पास देना होगा। निस्संदेह, इस घटनाक्रम ने उन आम लोगों के लिये मुश्किल खड़ी कर दी है जो लोकतंत्र के इस सबसे बड़े मंदिर में कार्यवाही देखने की आकांक्षा रखते हैं। अब उन्हें बेहद कड़ी, जटिल और कई परतों वाली जांच व सुरक्षा से गुजरते हुए दर्शक दीर्घा तक पहुंचने का अवसर मुश्किल से मिल पाएगा।

# नेपाल के साथ व्यापार संबंधों में भारत की ढिलाई से चीन को फायदा



भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय विकास परियोजनाओं के लिए भारतीय सामग्री-खरीद आवश्यकताओं को 75 फीसदी पर रखा गया था। यहां तक कि बांग्लादेशी अधिकारियों ने कम से कम 50 फीसदी की कटौती की मांग की थी। इसे अब दिल्ली द्वारा आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी गई है, जिससे बांग्लादेश सरकार, विभिन्न ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं को बड़ी राहत मिली है।

नेपाल चाहता है कि भारत द्विपक्षीय सड़क विकास परियोजनाओं में सहायता प्राप्तकर्ता देश के रूप में 50 फीसदी भारतीय वस्तुओं के अनिवार्य उपयोग/खरीद की सीमा को घटाकर 30 फीसदी कर दे। नेपाल सरकार (जीओएन) के अधिकारियों ने कुछ महीने पहले यह मांग उठाई थी, लेकिन भारत ने अभी तक आधिकारिक तौर पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। चाहे जो हो, नेपाली अनुरोध को कुछ अन्य हालिया घटनाक्रमों के व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए।पूर्व हिमालयी साम्राज्य ने पूरी तरह से चीन द्वारा वित्त पोषित होने वाली रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बिजली आपूर्ति परियोजना को अंतिम रूप दिया है। यह नेपाल के बिजली उत्पादन/आपूर्ति क्षेत्र में पहली चीन-नेपाली द्विपक्षीय परियोजना होगी।इस क्षेत्र में, नेपाल पहले से ही दिल्ली की वित्तीय मदद और विशेषज्ञता के साथ, एक दर्जन बड़े निवेश वाली जलविद्युत उत्पादन परियोजनाओं में भारत के साथ साझेदारी कर रहा है। इनमें से कुछ वर्तमान में निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।जाहिर तौर पर नेपाल अब ऐसे मामलों में एकल-स्रोत निर्भरता को दूर करने के लिए अन्य देशों को भी शामिल करते हुए अपने बुनियादी ढांचे के विकास को मजबूत करने हेतु अतिरिक्त सहायता का उपयोग करना पसंद करता है।पर्यवेक्षकों का मानना है कि भारत के साथ कभी-कभार होने वाले राजनयिक तनाव और पहली बार एनडीए सरकार के कार्यकाल के दौरान 2015 में नेपाल द्वारा झेली गई दुर्भाग्यपूर्ण आर्थिक नाकेबंदी के दौरान इसके कड़वे अनुभव ने देश के नीति निर्माताओं को अपने क्षेत्रीय राजनयिक विकल्पों का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया है। एक मजबूत क्षेत्रीय शक्ति के रूप में, चीन का आर्थिक दबदबा और अन्य दीर्घकालिक लाभों की संभावना इतनी आकर्षक थी कि काठमांडू के वर्तमान सत्ता अभिजात वर्ग द्वारा इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था।

चीन की ओर झुकाव को उस नकारात्मक कूटनीतिक कीमत के हिस्से के रूप में देखा जा सकता है जो भारत को गलत सलाह वाली आर्थिक नाकेबंदी के लिए चुकानी पड़ी है। हालांकि अब तक यह कहने का कोई कारण नहीं है कि चीन ने कूटनीतिक दांव में भारत पर बड़ा स्कोर बना लिया है।हाल के वर्षों में बीजिंग से पर्याप्त वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद, नेपाल के लोगों ने अक्सर चीन के राजनीतिक नेतृत्व के साथ-साथ भ्रष्टाचार, स्थानीय कानूनों के उल्लंघन, अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट का क्षेत्र के निकट नेपाली भूमि पर कथित अतिक्रमण के मामलों के लिए विभिन्न परियोजनाओं में काम करने वाली चीनी कंपनियों/एजेंसियों के खिलाफ प्रदर्शन किया है।

सबसे पहले प्रस्तावित बिजली परियोजना को लें। नेपाली मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि इसके तौर-तरीकों पर अभी भी चर्चा चल रही है, काम पूरा होने में 3 से 4 साल लगेंगे। उत्तर से 5000 मेगावाट तक की आपूर्ति को संभव करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 100 किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइनें बिछाई जायेंगी, 16 किलोमीटर नेपाल के भीतर और बाकी चीन से होकर। इसे जिरोंग-केरुंग-रसुगावाधी-चिलाइम 220 केवी ट्रांसमिशन योजना कहा जाता है। चीन यह धनराशि एकमुश्त अनुदान के रूप में प्रदान करेगा।

नेपाली प्रधानमंत्री पी.के. दहल की चीन यात्रा के बाद, इस वर्ष सितंबर में परियोजना के पहले संक्षिप्त विवरण को रेखांकित करने वाला एक संयुक्त द्विपक्षीय बयान जारी किया गया था। नेपाल में चिलीम हब में एक सबस्टेशन बनाने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यदि आवश्यक हो, तो बढ़ती नेपाली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मामूली पैमाने पर भी तत्काल आपूर्ति शुरू की जा सके।

इस बीच, विस्तृत द्विपक्षीय सड़क/राजमार्ग विकास परियोजनाओं आदि को पूरा करने के लिए आवश्यक कम से कम 50 फीसदी भारतीय-स्रोत वाली वस्तुओं की अनिवार्य खरीद को कम करने के लिए नेपाल के भारत से अनुरोध, इस साल की शुरुआत में आधिकारिक वार्ता के बाद दिल्ली ने बांग्लादेश के लिए हाल ही में रियायत की अनुमति दी थी। भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय विकास परियोजनाओं के लिए भारतीय सामग्री-खरीद आवश्यकताओं को 75 फीसदी पर रखा गया था। यहां तक कि बांग्लादेशी अधिकारियों ने कम से कम 50 फीसदी की कटौती की मांग की थी। इसे अब दिल्ली द्वारा आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी गई है, जिससे बांग्लादेश सरकार, विभिन्न ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं को बड़ी राहत मिली है। भारत ने अगले कुछ वर्षों में बांग्लादेश में संयुक्त रूप से क्रियान्वित की जाने वाली ऐसी परियोजनाओं में लगभग 1 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।जहां तक नेपाल का सवाल है, भारत से इसी तरह की राहत की मांग करने वाले शुरुआती अनुरोध 2014 से किये गये थे और अंततः भारतीय सामग्री खरीद आवश्यकताओं को 75 से घटाकर 50 फीसदी कर दिया गया था।

अब जब भारत राजमार्ग/सड़क संबंधी विकास परियोजनाओं में शामिल हो गया है, जिनका कार्यान्वयन मध्यम अवधि से आगे बढ़ जायेगा, जिसमें कम से कम 1.65 अरब डॉलर का खर्च आयेगा, तो नेपाल में यह सुनिश्चित करने का दबाव बढ़ रहा है कि प्रक्रियात्मक और अन्य देरी को न्यूनतम रखा जाये।वैसे भी, बार-बार आने वाले भूकंप, भूस्खलन और मानव नियंत्रण से परे अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण, नेपाल को अधिकांश बुनियादी ढांचा-संबंधित विकास परियोजनाओं में बड़ी लागत वृद्धि से निपटना पड़ता है। भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील उच्च हिमालयी क्षेत्र अपने आप में किसी भी विकासात्मक गतिविधि के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।कुछ द्विपक्षीय परियोजनाओं में काम पहले ही शुरू हो चुका है, ठेकेदार और संबंधित एजेंसियां मुख्य रूप से खरीदी जाने वाली वस्तुओं की कीमतों के निर्धारण के कारण भारत की ओर से होने वाली असामान्य देरी की शिकायत कर रही हैं। अक्सर शुरू में निर्धारित किये गये लागत बाजार में उतार-चढ़ाव और भारतीय कानूनों में बदलाव के कारण बढ़ जाते हैं और फिर इसे पुनः बातचीत के बाद संशोधित करने की आवश्यकता होती है। इससे नेपाल में चल रहे निर्माण और अन्य कार्यों में लंबी देरी होती है।कुछ मामलों में नेपाल में घरेलू आपूर्तिकर्ताओं/विक्रेताओं से उचित मूल्य पर वस्तुओं की तत्काल खरीद की अनुमति देकर ऐसी समस्याओं का बहुत सरल और समय पर समाधान निकाला जा सकता है। काठमांडू स्थित सूत्रों का सुझाव है कि यह एक बड़ी मदद होगी, अगर भारत नेपाल स्थित परियोजनाओं के लिए घरेलू वस्तुओं की अनिवार्य बिक्री को 50 प्रति शत से घटाकर 30 प्रतिशत करने पर सहमत हो जाये।

# छत्रपति शाहूजी महाराज हॉकी क्लब शिवपुरी के खिलाड़ी लवकुश शर्मा का नेशनल कैंप मे हुआ चयन



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-विगत दिवस स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें शिवपुरी जिले से लवकुश शर्मा का ग्वालियर संभाग की ओर से नेशनल टीम के लिए चयन किया गया है। जो की क्लब के साथ-साथ शिवपुरी जिले के लिए भी गर्व के पल हैं । नेशनल टीम में चयनित होने पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष एडवोकेट साहब सिंह कुशवाह द्वारा शुभकामनाएं दी गई। शुभकामनाएं देने वालों में संघ के कोषाध्यक्ष संजीव पांडे सह सचिव आदिल विकी, क्लब अध्यक्ष खड़क सिंह दोहरे उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू शिवहरे , (राहुल नरवरिया छत्रपति शाहूजी महाराज हॉकी क्लब सचिव खिलाड़ी नरेंद्र गोयल राधिका शिवहरे ,रूबी रजक , मोहसिन खान, मानिक जैन ,मृदुल शर्मा मोंटी ,नीलेश शर्मा , रवि कसीव गीता पब्लिक स्कूल , हेमंत जाटव कमल सिंह बाथम, अजय बाथम आदि लोगों ने उज्जवल भविष्य की कामना की

# दो माह से लापता नावालिग किशोरी नही चल रहा पता, पुलिस अधीक्षक से लगाई माता पिता ने लगाई मदद की गुहार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-खबर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से आ रही है। जहां दो माह से लापता नावालिग किशोरी का पता न चलने पर माता पिता ने एसपी से मदद की गुहार लगाई है। दो माह बाद भी नाबालिग पुत्री का पता नहीं चल सका इसके बाद आज मंगलवार को माता-पिता ने एसपी से नाबालिग को खोजने की मांग की हैं।जानकारी के अनुसार 20 अक्टूबर को सुबह 7 बजे नाबालिग बालिका उम्र 16 साल करैरा में कच्ची गली से कोचिंग एवं कन्या विद्यालय में पढ़ने गई वहा से छात्रा लापता हो गई। घरवालों ने जब बच्ची की तलाश की तो बालिका का पता नहीं चला । जिसकी शिकायत करैरा थाने में दर्ज कराई गई।किशोरी की मां ने बताया कि दो महीने गुजर जाने के बाद भी आज तक मेरी नाबालिक पुत्री का पुलिस पता नहीं लगा सकी है। गांव के ही युवक गजेन्द्र परिहार पुत्र इदर परिहार निवासी थाना करैरा पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप परिजनों ने लगाया है। नाबालिक पुत्री की मां और पिता ने एसपी से अपने बेटी की खोज कर आरोपी को पकड़ने के लिए मदद की गुहार लगाई है।



# इन ग्राम पंचायतों में आज लगेंगे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे


शिवपुरी- ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में कैंप लगाकर सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। बुधवार 20 दिसंबर को जनपद पंचायत शिवपुरी की ग्राम पंचायत सकलपुर एवं रायपुर धमकन, जनपद पंचायत कोलारस की ग्राम पंचायत खरई एवं चिलावद में शिविर लगाया जाएगा। जनपद पिछोर की ग्राम पंचायत उमरीखुर्द एवं भौंती में तथा जनपद पंचायत नरवर की ग्राम पंचायत इंदरग? और छितरी में शिविर आयोजित किया जाएगा। जनपद पोहरी की ग्राम पंचायत वेशी एवं परासरी में शिविर लगाया जाएगा।

# जनकल्याणकारी कार्यक्रम और विकास योजनाएं विधिवत जारी रहेंगी, बजट की कोई कमी नहीं

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रम और विकास योजनाओं के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। सभी जन कल्याणकारी कार्यक्रम और विकास योजनाएं विधिवत जारी रहेंगी।सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और विकास योजनाओं में कटौती या बंद होने की भ्रामक खबरें प्रसारित हो रही है जो पूर्णतः= असत्य है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर योजनाएं बंद होने संबंधी खबरें पूरी तरह भ्रामक एवं असत्य है।जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं विकास योजनाओं के लिये शासन के पास पैसों की कोई कमी नहीं है। शासन के सभी जनकल्याणकारी कार्यक्रम सुचारू रूप से जारी रहेंगे। विकास योजनाएं भी निरंतर जारी रहेंगी।वित्त विभाग द्वारा वित्तीय अनुशासन के अंतर्गत बजट आवंटन एवं व्यय की कार्ययोजना दिशा निर्देश संबंधी आदेश सामान्य प्रक्रिया के अंतर्गत हर वित्तीय वर्ष में जारी होते हैं। विकास योजनाएं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम जनहित में निरंतर जारी रहेंगी।

# मुंगावली नगर अतिक्रमण और यातायात जाम के रूप में पहचान बना चुका है





**मुंगावली -दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय**

-सबसे व्यस्त सड़कों में चंदेरी रोड आता है जहां दो पारी में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चलता है जिस पर चार बार स्कूल की छात्राएं एक साथ आती जाती हैं अनावश्यक वाहनों की खड़े रहने से यातायात बाधित होता है वहीं प्रशासन अन्य शहरों की भांति मुंगावली शहर में विद्यालय की छुट्टी के समय यातायात प्रशासन नहीं रोकता ना व्यवस्थित करता भगवान भरोसे रहता है भारी भरकम वाहनों के आवागवन से यातायात पूरी तरह अस्त व्यस्त हो जाता है यही हाल बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन तक का है भारी भरकम वाहनों के आवागमन उसके बाद अनावश्यक वाहन महीनों खड़े रहते हैं वहीं भारी भरकम वाहनों और छोटे वाहनों की ट्रांसपोर्टिंग की लोडिंग अनलोडिंग रेलवे स्टेशन रोड पर ही होती है वहीं वाहन मालिकों द्वारा रेलवे स्टेशन रोड को गैरेज के रूप में उपयोग किया जा रहा है यही हाल बहादुरपुर रोड का है दिन भर जाम बना रहता है ऐसा ही हाल पोस्ट ऑफिस चौराहे से श्री राम मंच तक का है दुकानदारों की अतिक्रमण से सड़क मुख्य सड़कों में से एक है परंतु गली की तरह प्रतीत नजर आती है दो पहिया वाहन और पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी होती है वहीं वाहन चालकों और दुकानदारों के बीच आए दिन विवाद होता रहता है परंतु प्रशासन ईश्वर कोई ना ध्यान देता है ना रुचि है ऐसा प्रतीत होता है जैसे प्रशासन और बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है विगत महीना में चंदेरी रोड पर दुखद घटनाएं हुई जिनमें लोगों को अपनी जान तक गबाना पड़ी परंतु प्रशासन को लोगों की जान जाने की कोई कीमत नजर नहीं आती न प्रशासन अपनी कुम्भकरणी नींद से कब उठेगी?

# विश्वहिंदू परिषद हर घर बंटेगा पीले चावल

संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट

**रन्नौद राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु विश्व हिंदू परिषद हर घर बटेगा पीले चावल जिसमें बाहर से पधारी हुए नरेश ओझा जी विभाग मंत्री शिवपुरी दूसरे हमारे श्री विनोद पुरी जिला मंत्री शिवपुरी और जिसमें हमारे मनोज जाट प्रखंड अध्यक्ष रन्नौद एवं सभी संगठनों के पदक पदाधिकारी गण जिसमें आज राम मंदिर अयोध्या से आए हुए अक्षत चावल जो 1 जनवरी से 15 जनवरी तक घर-घर जाकर**

# पंडित रामप्रसाद बिस्मिल जी की 96 वीं पुण्यतिथि पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन



झुण्डपुरा - नवांकुर संस्था - ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झुण्डपुरा द्वारा सेक्टर क्रमांक - 04 झुण्डपुरा में अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल जी की 96 वीं पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें समाजसेवी भरत शर्मा द्वारा अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बिस्मिल जी राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख सेनानी थे वे बाल्यकाल से ही स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए होने वाली राष्ट्रीय गतिविधियों में शामिल होने लगे और अंग्रेजों के खिलाफ काकोरी काण्ड नामक घटना को अंजाम दिया उसके बाद से ही वे अंग्रेजों की ऑख का कांटा बन गए और आखिरकार 19 दिसंबर 1927 को 30 वर्ष की आयु में ही अंग्रेज सरकार द्वारा उनको फांसी दे दी गई।इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौर समाजसेवी रोशनलाल पैहरवार एवं युवा साथियों की उपस्थिति रही।

# आज का राशिफल क्या कहते हैं आपके भाग्य के सितारे आचार्य राजेंद्र त्रिवेदी शास्त्री राजगढ़ झांसी



श्री शुभ संवत 2080शाके1945, अगहन शुक्ल पक्ष तिथि अष्टमी दिन बुधवार हेमंत ऋतु सूर्य दक्षिणायन, तां , 20,,12,,2023,मेष , घर परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा आज का दिन आपका उत्तम रहेगा, व्रष, कानूनी कामकाज में सफलता प्राप्त होगी ,मिथुन, कोर्ट कचहरी जैसे मुकदमो पर विजय प्राप्त होगी स्वास्थ्य उत्तम होगा कर्क, शत्रु परास्त होंगे मित्रों से सहयोग प्राप्त होगा, सिंह ,पत्नी में कलह, की स्थिति बन सकती है व्यापार श्रेष्ठ रहेगा, कंन्या, घर परिवार में किसी बात को लेकर बाद विवाद या मनमुटाप हो सकता है ,तुला , जमीनी कार्य क्षेत्र में लाभ प्राप्त होगा ,वृश्चिक, वाहन, से संबंधित कोई भी काम करते हो तो आज के दिन उत्तम रहेगा ,धनु , कृषि इत्यादि क्षेत्रों से सफलताएं प्राप्त होगी स्वास्थ्य बहुत उत्तम रहेगा मकर, पत्नी एवं बच्चों को लेकर कोई घर में कलह की स्थिति रह सकती है आज के दिन, कुंभ व्यापार श्रेष्ठ और उत्तम रहेगा स्वास्थ्य भी आपका आज बढ़िया रहेगा, मीन,,, शुभ सूचना या कोई मांगलिक सूचना प्राप्त होगी स्वास्थ्य आपका बहुत श्रेष्ठ और उत्तम रहेगा आचार्य राजेन्द्र त्रिवेदी शास्त्री राजगढ़ झांसी,, श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता एवं ज्योतिष अनुष्ठान तंत्र विशेषज्ञ, **9935059652,**

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 87 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

सीधी नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार जनसुनवाई में प्रत्येक मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 87 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर दी जाती है जिससे आवेदकों को अनावश्यक नहीं भटकना पड़े। जनसुनवाई में ग्राम पतुलखी तहसील बहरी से आए दिव्यांग रामभिलाष पाठक ने कभी नहीं सोचा था कि उनकी समस्या का त्वरित निराकरण संभव हो सकेगा और उन्हें सहजता से इसका लाभ प्राप्त होगा। रामभिलाष ने बताया कि पैर से विकलांग के कारण वे चलने में असक्षम है। उन्होंने बताया कि 4 वर्ष पूर्व उन्हें ट्राई साइकिल प्राप्त हुई थी जो अब पूरी तरह से जर्जर हो गई है जिससे उन्हें कहीं भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। यदि हमें ट्राई सायकल प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेंगे और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।ऐसे ही जनसुनवाई में चुरहट वार्ड क्रमांक 10 से आये दिव्यांग अजीत साहू ने कलेक्टर को बताया कि जन्म से ही पैर से विकलांग हो जाने के कारण वे चलने में असक्षम है। उन्हें स्कूल, घर में या कही भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। उन्होने कहा कि यदि हमें ट्राई साइकिल प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेगें और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। उक्त दोनो आवेदकों की शारीरिक स्थिति को देखते हुए कलेक्टर साकेत मालवीय ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा ट्राईसाइकिल प्रदान कराई। जनसुनवाई में समस्याओं के त्वरित निराकरण होने से आवेदक बहुत खुश और संतुष्ट दिखे। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रत्येक माह 6 सौ रुपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त हो रही है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का गणपुर में हुआ शुभारंभ यात्रा सिरसी पहुंची।



धार (मनावर) - भारत सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन राज्य सरकार की सहभागिता से क्रियान्वयन किया जा रहा है इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभ और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करना एवं समाज में अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाए जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र जी मोदी का कहना है कि हमारा संकल्प विकसित भारत राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राष्ट्र के लिए निरंतर प्रयास हर भारतीय का मनोभाव बन रहा है केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही सरकार का उद्देश्य है और इसी संकल्प के साथ जनता के बीच संकल्प यात्रा के माध्यम से जन जागरूकता है शासन का उद्देश्य है ग्राम गणपुर में दिनांक 17 12 2023 को संकल्प यात्रा प्रात 11=00 बजे शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण गणपुर चौकड़ी पर पहुंची जहां पर यात्रा का शुभारंभ यात्रा प्रभारी मोहन जी भायल भाजपा विधानसभा प्रत्याशी व जिला पंचायत सदस्य शिवराम गोपाल जी कन्नौज रंजना जी बघेल जिला पंचायत सदस्य कपिल जी सोलंकी जनपद अध्यक्ष रुकमा मुवेल महेंद्र जी परीहार नारायण जी सोनी गणेश जर्मन व भाजपा के समस्त पदाधिकारी द्वारा किया गया। यात्रा ग्राम सिरसी दोपहर 1=00 बजे पहुंची जहां पर यात्रा का स्वागत सत्कार किया गया ग्राम पंचायत सिरसी में अतिथि सरपंच महोदय मंगला बाई पांचाल शिवराम गोपाल जी कन्नौज व रंजना बघेल के द्वारा भारत माता की फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम में सभी प्रशासनिक अधिकारी स्वास्थ्य विभाग आंगनवाड़ी विभाग आयुष विभाग शिक्षा विभाग व अन्य कर्मचारी गण उपस्थित होकर ग्रामीण जनों को अपने-अपने विभाग की सेवाएं प्रदान की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवराम गोपाल जी कन्नौज के द्वारा शासन की जन कल्याणकारी योजना की जानकारी दी गई और केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाएं जन-जन तक पहुंचे सभी कर्मचारियों को प्रेरित किया गया साथ अपना स्वास्थ्य चेकअप भी करवाया गया कार्यक्रम में रथ के माध्यम से सभी को फिल्म दिखाकर योजना की जानकारी दी कार्यक्रम का संचालन नवीन जी अत्रे द्वारा किया गया कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार माल्यार्पण से किया गया कार्यक्रम में अजय जी राठौड़ सुरेश मेहसरीया मगनसिंह जी भाटिया संतोष पाटीदार एसडीम महोदय राहुल गुप्ता जनपद सीईओ भरत जाचपुरे जी ग्राम पंचायत सिरसी सचिव मगनसिंह जी रोजगार सहायक दीपक ग्राम सिरसी का भाजपा कार्यकर्ता राधेश्याम जी जाट सीताराम जाट जन अभियान परिषद सेक्टर प्रभारी सावन जाट राकेश जाट संजय पांचाल आदि अनेक प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आमजन उपस्थित हुए कार्यक्रम का आभार भरत जांचपूरे जी ने व्यक्त किया।

# खिवनी अभ्यारण्य में बड़ता जा रहा वन्यजीवों का परिवार, एक ओर तेंदुआ छोड़ा



देवास जिले के खिवनी अभ्यारण्य को वन्यजीवों का घर कहा जाता है। सम्पूर्ण जिले में यह स्थान वन्यजीवों के लिए अनुकूल है। जिसके चलते देवास या आसपास के जिले में कही भी जंगली जानवरों को रेस्क्यू कर पकड़ा जाता है तो खिवनी अभ्यारण्य में छोड़ा जाता है। सोमवार को भी एक तेंदुआ खिवनी अभ्यारणय के जंगल मे छोड़ा गया। पिछले 3 वर्षो में 8 तेंदुए अलग अलग स्थानों से लाकर छोड़े गए है।अभ्यारण्य रेंजर भीमसिंह सिसोदिया ने बताया कि सोमवार को सोनकच्छ क्षेत्र के इकलेरा गांव से बीमार हालत में मिले तेंदुए को वन विभाग द्वारा जिले के खिवनी अभ्यारण में छोड़ा गया। 29 अगस्त को इकलेरा के गांव में घुस आया था, तेंदुए की गंभीर स्थिति को देखते हुए उक्त तेंदुए को देवास से इंदौर वन्यप्राणी संग्रहालय भेजा गया था। जहां वन्यप्राणी चिकित्सक उत्तम यादव के द्वारा उपचार उपरांत देवास वन विभाग को रिकवरी हेतु भेज दिया था। वन विभाग देवास के देखरेख में सोनकच्छ वन विभाग के एसएस भाटी उपवनक्षेत्रपाल तथा उनकी टीम द्वारा पशु चिकित्सक मानसिंह मालवीय द्वारा तेंदुए की देख रेख की गई थी। विभिन्न चिकिसकीय परीक्षणों में तेंदुए को स्वस्थ पाए जाने पर उच्च अधिकारियों कि अनुमति मिलने एवं पशु चिकित्सक कन्नौद की उपस्थित में खिवनी अभ्यारण में छोड़ा गया है । रिलीज के दौरान उज्जैन रेस्क्यू स्क्वाड के साथ प्रभारी अधिकारी एमएस मोहरे, अभ्यारणय वनपरिक्षेत्र अधिकारी खिवनी भीम सिंह सिसोदिया, परिक्षेत्र अधिकारी कन्नौद सृजन जाधव, उड़नदस्ता देवास की टीम एवं खिवनी अभ्यारण्य टीम का सराहनीय योगदान रहा।

**यहां मिला था बीमार तेंदुआ**-देवास जिले के सोनकच्छ इलाके में स्थित इकलेरा गांव के लोगों को सूचना मिली थी कि गांव के आसपास तेंदुआ घूम रहा है.लोगों ने लाठी के दम पर तेंदुए को घेरने की कोशिश की.तेंदुए ने जब कोई आक्रमण या हरकत नहीं की तो ग्रामीणों ने धीरे-धीरे तेंदुए को घेर लिया. इसके बाद तेंदुए के साथ सर्कस के जानवर जैसा बर्ताव किया गया. तेंदुए को इधर-उधर घुमाया गया. जब लोगों की और भीड़ एकत्रित हो गई और तेंदुए की ओर से छेड़छाड़ को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई, तो लोगों का मनोबल और भी बढ़ा. कई लोगों ने तेंदुए के पास जाकर उसके बालों में हाथ भी फेरा. इस दौरान कुछ लोगों ने तेंदुए के साथ सेल्फी खिंचवाई. यह सिलसिला लगभग 4 घंटे तक चलता रहा। बाद में वन विभाग की टीम तेंदुए को अपने साथ ले गई.

# अयोध्या में साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित हुए रीवा के सिद्धार्थ

**पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (भीम)**
**(संभागीय ब्यूरो चीफ)**

रीवा। मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र की जन्मभूमि, पवित्र पावन पुनीत पुण्य भूमि अयोध्या के जानकीघाट में आयोजित अखिल भारतीय काव्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह में रीवा के युवा कवि सिद्धार्थ श्रीवास्तव को ÷साहित्य गौरव सम्मान÷ से सम्मानित किया गया! सिद्धार्थ को यह सम्मान रसिक पीठाधीश्वर जानकी घाट बड़ास्थान महंत जन्मेजय शरण जी महाराज के हाथों प्रदान किया गया! इस अवसर पर वरुण जी महाराज, संजय वर्मा, नर्मदा आह्वान सेवा समिति के अध्यक्ष हंस राय, सचिव कैप्टिन किशोर करैया, राष्ट्रीय कवि कौशल सक्सेना रायसेन, दिनेश देहाती तिहाड़ी एवं नरेंद्र अटल महेश्वर सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आये साहित्यकार उपस्थित रहे!उक्त आशय की जानकारी युवा कवि अभिनव सिंह बघेल ने आज यहां पर जारी अपनी एक लिखित प्रेस विज्ञप्ति में दी है! श्री बघेल ने अपनी विज्ञप्ति में आगे बताया कि अयोध्या के जानकीघाट बड़ास्थान में आयोजित अखिल भारतीय काव्य महोत्सव मे जब सिद्धार्थ ने भगवान श्री रामचंद्र पर अपनी विशेष कविता पड़ी तो पूरा सदन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा!




सिद्धार्थ श्रीवास्तव को सम्मानित किए जाने पर समाजसेवा एवं साहित्य जगत के जिन महत्वपूर्ण लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया है उनमें प्रमुख रूप से जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक, समाजसेवी विक्रांत द्विवेदी, कौशलेश मिश्रा, संकल्प परौहा, प्रकाश द्विवेदी, शशि मिश्रा, सुजीत द्विवेदी, अनुराधा श्रीवास्तव, सुरेश विश्नोई, लईक खान, वरिष्ठ समालोचक डॉ चंद्रिका चंद्र, वरिष्ठ रचनाकार गिरिजा शंकर शुक्ल गिरीश, वरिष्ठ साहित्यकार एवं सिद्धार्थ के गुरु सुभाष श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ला, वरिष्ठ साहित्यकार जगजीवन लाल तिवारी, कवि रामसुन्दर द्विवेदी, रामलखन केवट जलेश, डॉ राजेन्द्र गुप्ता बैकुंठपुरी, अनिल अयान, जानकी प्रसाद पांडेय, साकेत श्रीवास्तव, शुभम शर्मा, अनिल सागर, दिप्तेश तिवारी, शिवांशु तिवारी एवं हिमांशु तिवारी आदि शामिल है!

**रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक सभी ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित**

## लाउडस्पीकर, डीजे तथा अन्य ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग की लेनी होगी अनुमति

**पुष्पांजली टुडे**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**

रीवा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत रीवा जिले में सभी उत्सव तथा आयोजनों में लाउडस्पीकर, डीजे, बैण्ड, प्रेशर हॉर्न तथा अन्य ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। विहित प्राधिकारी एसडीएम की अनुमति के बाद ही इनका उपयोग किया जा सकेगा। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक सभी प्रकार के ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध 18 फरवरी 2024 तक लागू रहेगा। इस अवधि मे प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण की आवश्यकता को देखते हुए आदेश की व्यक्तिश~ सूचना दिया जाना संभव नहीं है इसलिए यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (2) के तहत एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। संचार माध्यमों से आमजनता को प्रतिबंधों की सूचना दी जा रही है। जारी आदेश के अनुसार 14 फरवरी 2000 को केन्द्र सरकार ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत दी गई शक्तियों का प्रयाग करते हुए सार्वजनिक स्थलों में विभिन्न स्रोतों से होने वाले ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 को अधिनियमित किया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा भी ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में 18 जुलाई 2005 तथा 6 जनवरी 2015 को ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। शहर में ध्वनि विस्तार यंत्रों लाउडस्पीकर, डीजे, बैण्ड, प्रेशर हॉर्न, पटाखे आदि के कारण ध्वनि प्रदूषण का स्तर बड़ता है। अधिक शोर से मनुष्य के काम करने की क्षमता, आराम, नींद और संवाद में व्यवधान पड़ता है। शोर का स्तर 70 डेसीबल से अधिक होने के कारण उच्च रक्तचाप, बेचैनी, मानसिक तनाव तथा अनिद्रा जैसे दुष्प्रभाव शरीर पर पड़ते हैं। राष्ट्रीय हरित अभिकरण एनजीटी द्वारा जारी आदेश के परिपालन में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली द्वारा 21 जून 2019 को मध्यप्रदेश के बड़े शहरों के संबंध में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक्शन प्लान बनाने एवं लागू करने के निर्देश दिए गए थे। ध्वनि प्रदूषण विनिमय एवं नियंत्रण नियम के प्रावधानों के तहत निर्धारित ध्वनि सीमा से अधिक का सोर मान्य नहीं होगा। इसका पालन सुनिश्चित कराने के लिए धारा 144 के तहत प्रतिबंध लगाए गए हैं। जिला दण्डाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक, आयुक्त नगर निगम, सभी एसडीएम, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी तथा क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

## कमिश्नर अनिल सुचारी ने रेलवे परियोजना से प्रभावित हर भूमि स्वामी को उचित मुआवजा देने के दिए निर्देश

**पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (भीम)**
**(संभागीय ब्यूरो चीफ)**

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर अनिल सुचारी ने रेलवे परियोजना की प्रगति तथा भू अर्जन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन शासन की उच्च प्राथमिकता की योजना है। इस रेलवे लाइन का निर्माण पूरा होते ही क्षेत्र के विकास मंे तेजी आएगी। सभी कलेक्टर भू अर्जन के प्रकरणों की प्रत्येक टीएल बैठक में समीक्षा करें। रेलवे के अधिकारी टीएल बैठक में उपस्थित होकर भू अर्जन प्रकरणों का निराकरण कराएं। रेलवे परियोजना से प्रभावित हर भूमि स्वामी को उचित मुआवजा दें। परियोजना के निर्माण कार्यों में बाधा डालने वालों से कठोरता से निपटें। कमिश्नर ने कहा कि सीधी और सिंगरौली जिले में भू अर्जन के जिन प्रकरणों में धारा 11 की कार्यवाही हो गई है वहाँ राजस्व और रेलवे के अधिकारी भू अर्जन प्रस्तावों का सत्यापन करें। इन सभी प्रकरणों में 15 जनवरी तक धारा 19 के प्रकाशन की कार्यवाही करें। कलेक्टर सीधी तथा सिंगरौली प्रकरणों के सत्यापन का कार्यक्रम एवं स्थान निर्धारित करके राजस्व




अधिकारियों की ड्यूटी लगा दें। रेलवे के अधिकारी इनमें अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर भू अर्जन की बाधाएं दूर कराएं। रीवा जिले में रेलवे परियोजना का कार्य लगभग पूरा हो गया है। एसडीएम हुजूर सभी प्रभावित 597 किसानों के बैंक खाते की जानकारी 10 दिवस में प्राप्त कर उन्हें मुआवजा राशि का वितरण कराएं। कलेक्टर सीधी 48 गांवों के छूटे हुए किसानों के प्रस्ताव 15 दिन में तैयार कर उनमें भू अर्जन की कार्यवाही करें। भू अर्जन के कारण किसी भी निर्माण कार्य में रूकावट नहीं आनी चाहिए। सतना जिले में भू अर्जन की प्रक्रिया संतोषजनक है। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक निर्माण कार्यों में बाधा डालने वालों पर कठोरता से कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा में 29 करोड़ 85 लाख रुपए का वितरण किया जा चुका है। शेष किसानों से बैंक खाते की जानकारी प्राप्त करके राशि का वितरण कर दिया जाएगा। कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा ने बताया कि ग्राम बगहा, रेरूआ कला तथा सडवा में भू अर्जन की सभी बाधाओं को दूर किया जाएगा। रेलवे का कार्य किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होगा। कलेक्टर सीधी साकेत मालवीय ने बताया कि सीधी जिले में रेलवे के अधिकारियों द्वारा धारा 19 के प्रस्तावों का सत्यापन न करने के कारण भू अर्जन में देरी हुई है। संयुक्त दल बनाकर 15 जनवरी तक सभी प्रकरणों में रेलवे और राजस्व अधिकारियों द्वारा सत्यापन करके धारा 19 की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में वर्चुअल माध्यम से कलेक्टर सिंगरौली अरूण परमार शामिल हुए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सीधी रवीन्द्र वर्मा, एसडीएम हुजूर डॉ अनुराग तिवारी तथा रेलवे के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए लगेंगे शिविर

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा।. सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए सभी तहसीलों में शिविर लगाए जाएंगे। इस संबंध में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि सभी तहसीलों में आगामी बुधवार, गुरूवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाए जाएंगे। सभी एसडीएम प्रातः 11 बजे से शिविरों का आयोजन कराकर उनमें राजस्व विभाग तथा सामान्य प्रशासन विभाग में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगाए गए शिविरों में भी प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कराएं तथा प्रति

## जन निराकरण के लिए लगेंगे शिविर

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा।. सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए सभी तहसीलों में शिविर लगाए जाएंगे। इस संबंध में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि सभी तहसीलों में आगामी बुधवार, गुरूवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाए जाएंगे। सभी एसडीएम प्रातः 11 बजे से शिविरों का आयोजन कराकर उनमें राजस्व विभाग तथा सामान्य प्रशासन विभाग में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगाए गए शिविरों में भी प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कराएं तथा प्रति

## वार्ड नं04 चोरहटा में रूई रजाई तगाई कि दुकान में लगी भीसड़ आग लाखो का सामान जलकर खाक

**पुष्पांजली टुडे**
**शिवम तिवारी**

रीवा। जिले के वार्ड नंबर 04 चोरहटा में यूनियन बैंक के सामने मोहम्मद इमताज अली जो झोपड़ी बना कर रुई रजाई का काम करके अपने परिवार का गुजर बसर कर रहे थे, बीती रात अज्ञात कारणों से उनकी झोपड़ी में आग लग गई ,जिस वजह से उनका पूरा सामान जलकर खाक होगया। पीड़ति द्वारा बताया गया की यह घटना रात तकरीबन 3 बजे कि हैं। जैसे हि आग लगी तो सब उठकर बाहर भाग गए। लेकिन पूरा सामान जलकर खाक होगया। पीड़ति द्वारा घटना की सूचना चोरहटा थाने में दी गई लेकिन थाने से अभी तक कोई भी मुआयना करने नही आया।

## पुलिस अधीक्षक डॉ रवींद्र वर्मा द्वारा जिले को अपराध मुक्त करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

इसके साथ ही अपराधों को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर बनी हुई है। आपको बताते चलें कि विगत दिवस संजीव मिश्रा की कलम से समाचार के माध्यम से जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर बताया गया कि जिले के कई निजी वाहनो में अनाधिकृत रूप से पद नाम एवं पुलिस, पत्रकार लिखवा कर धौंस जमाने का कार्य किया जा रहा है। जहॉ पुलिस द्वारा त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्त में लेकर मा. न्यायालय के समक्ष्य पेश किया गया है। मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा त्वरित रूप से विधिक कार्रवाई का आदेश जारी कर एक बार फिर साफ तौर पर बता दिया गया है कि अपराधी चाहे कोई भी हो उसे किसी भी सूरत में बख्शा नही जायेगा। जारी आदेश में थाना प्रभारी यातायात को निर्देशित किया गया कि मोटरयान नियमों के पालन तथा अपराधियों पर अंकुश लगाने की नियत से जिले में अवैध रूप से निजी वाहनों पर पुलिस, व्हीआईपी आदि का स्टिकर



लगाकर वाहन चलाने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात द्वारा सघन वाहन चेकिंग लगाई जाकर एवं वाहन पार्किंग स्थलों पर खडे वाहनो को चेक किया गया और जिन वाहनों पर अनाधिकृत रूप से पुलिस, व्हीआईपी आदि के स्टिकर लगे पाए गए उन सभी वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए मान. न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

जिले में चलेगा अभियान, होगी कार्रवाई - पुलिस अधीक्षक देश भक्ति जन सेवा को चरितार्थ करने वाले एवं आमजनो के दिलो में राज करने वाले, पीड़ितो की मद्द हेतु 24 घंटे तत्पर रहने वाले पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा ने समस्त जिला वासियो से अनुरोध किया है कि वह अपने निजी वाहनों पर आर.टी.ओ. द्वारा अधिकृत नम्बर प्लेट के अलावा अनाधिकृत तौर पर पुलिस, आर्मी, सरकारी ड्यूटी, वीआईपी इत्यादि तथा पुलिस के लोगो से मिलते.जुलते स्टिकर न लगाये अगर पूर्व में कोई इस प्रकार का स्टिकर लगाया है तो खुद ही अपने वाहनों से ऐसे स्टिकर हटा दें और नियमों का पालन करें अन्यथा आपके विरुद्ध भी कार्यवाही की जावेगी।

## कलेक्टर प्रतिभा पाल ने धारा 144 के तहत खुले बोरवेलों को बंद करने के दिए आदेश



**पुष्पांजली टुडे**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**

रीवा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के सभी अनुपयोगी और खुले बोरवेलों को मजबूत लोहे के ढक्कनों से बंद करने के आदेश दिए हैं। यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत 18 दिसम्बर 2023 को जारी किया गया है। यह आदेश 17 फरवरी 2024 तक लागू रहेगा। जारी आदेश के अनुसार अनुपयोगी एवं खुले बोरवेलों में छोटे बच्चों को गिरने से रोकने के संबंध में भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रलालय के सचिव द्वारा 21 अगस्त 2018 को निर्देश दिए गए थे। इसमें माननीय उच्चतम न्यायालय के वर्ष 2010 के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आदेशित किया गया था। खुले तथा अनुपयोगी बोरवेलों जिनमें मोटर नहीं डाली गई है, में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटना हो सकती है। इसे रोकने के लिए बोरकैप लगाने के आदेश दिए गए हैं। इन बोरवेलों के मालिक, किसान अथवा संबंधित संस्था बोरवेलों में लोहे के मजबूत कैप लगाकर उसे नटबोल्ट से मजबूती से बंद करें। संबंधित क्षेत्र के एसडीएम भ्रमण करके बोरवेलों में कैप लगाना सुनिश्चित करें। आदेश के अनुसार आमजन की सुविधा के लिए इस आदेश को तत्काल लागू किया जाना आवश्यक है। इसलिए आदेश की आमजनता को व्यक्तिगत तामीली संभव नहीं है। यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (2) के तहत एक पक्षीय रूप में पारित किया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग तथा संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है। आदेश का उल्लंघन करने पर धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## लायसेंस धारियों के शस्त्र वापस किये जाने के आदेश

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा विधानसभा निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण हो जाने एवं आदर्श आचरण संहिता समाप्त हो जाने के उपरांत जिले के सभी लायसेंसधारियों के लायसेंस बहाल कर उनके शस्त्र वापस किये जाने का आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन के कारण जिले के लायसेंसधारियों के लायसेंस निलंबित कर शस्त्र संबंधित थानों में जमा कराये गये थे। थानों में जमा शस्त्र को वापस किये जाने का आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा दिया गया है।

### कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तीन दिवस में निराकरण करने के निर्देश दिए

रीवा।. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का तीन दिवस में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि समग्र सामाजिक सुरक्षा अन्तर्गत समग्र पोर्टल से संबंधित सभी शिकायतें तीन दिवस में निराकृत करें। साथ ही सहायक ई गवर्नेंस प्रबंधक के माध्यम से प्रकरण के निराकरण की जानकारी सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में दर्ज कराएं। लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण का प्रयास करें। समग्र पोर्टल से संबंधित शिकायतें लंबित रहने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## अवैध प्रवासी घोल रहे अमेरिका के खून में जहर : ट्रंप



**न्यू हैंपशायर।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को एक बार फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने अपने ताजा बयान में बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों को देश के खून में जहर घोलने वाला बताया है। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद उम्मीदवार के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप ने न्यू हैंपशायर में एक अभियान कार्यक्रम के दौरान अप्रवासियों को लेकर टिप्पणी की। उन्होंने अवैध रूप से अमेरिकी सीमा पार करने का प्रयास करने वाले प्रवासियों की रिकॉर्ड संख्या को लेकर आलोचना की। ट्रंप ने राष्ट्रपति चुने जाने पर अवैध अप्रवासन पर नकेल कसने का वादा किया। ट्रंप ने डरहम में एक रैली के दौरान कहा कि वे हमारे देश के खून में जहर घोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अप्रवासी दक्षिण अमेरिका के अलावा एशिया और अफ्रीका से अमेरिका आ रहे थे। पूरी दुनिया से वे हमारे देश में आ रहे हैं। सितंबर के अंत में प्रकाशित एक दक्षिणपंथी वेबसाइट द नेशनल पल्स के साथ एक इंटरव्यू के दौरान भी ट्रंप ने खून में जहर घोलने वाली बात कही थी।

## रूस-यूक्रेन ने एक-दूसरे पर किया ड्रोन से हमला

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच रविवार को लगातार दूसरे दिन एक-दूसरे के क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक ड्रोन से हमला किया गया। यूक्रेन ने जहां एक रूसी सैन्य हवाई अड्डे को निशाना बनाया। वहीं, काला सागर के पास यूक्रेनी नागरिक के घर पर ड्रोन का मलबा गिरने से उसकी मौत हो गई। रूसी रक्षा मंत्रालय ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि दक्षिण-पश्चिमी रूस के तीन क्षेत्रों में रात भर में कम से कम 35 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया गया। क्रेमलिन की आलोचना करने वाले एक रूसी टेलीग्राम चैनल के अनुसार, यूक्रेन में इस्तेमाल होने वाले बमवर्षक विमानों की मेजबानी करने वाला एक रूसी हवाई अड्डा भी निशाने पर था। इसमें कम ऊंचाई वाले आवासों के ऊपर उड़ते हुए ड्रोन के छोटे वीडियो पोस्ट किए हैं। इसमें दावा किया गया कि यह रूसी शहर मोरोजोवस्क है, जिसका हवाई अड्डा रूस की 559वीं बॉम्बर एविएशन रेजिमेंट का घर है।

रूस के रोस्तोव प्रांत के गवर्नर वसीली गोलूबेव ने अलग से मोरोजोवस्क और पश्चिम में एक अन्य शहर के पास बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों की सूचना दी, लेकिन हवाई अड्डे का उल्लेख नहीं किया। गोलूबेव ने कहा कि अधिकांश ड्रोन मार गिराए गए और कोई हताहत नहीं हुआ।

रविवार की सुबह, यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि उसने दक्षिणी और पश्चिमी यूक्रेन में रूसी सैनिकों द्वारा रात भर लॉन्च किए गए 20 ईरानी-निर्मित ड्रोनों को मार गिराया। साथ ही देश के कब्जे वाले दक्षिण से लॉन्च की गई एक एक्स-59 क्रूज मिसाइल को भी मार गिराया। यूक्रेन की सेना ने कहा कि यूक्रेन के दक्षिणी काला सागर तट पर एक प्रमुख बंदरगाह ओडेसा के पास रात में एक नागरिक की मौत हो गई, जब नष्ट किए गए ड्रोन के अवशेष उसके घर पर गिर गए।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार शाम को कहा था कि उसकी विमान भेदी इकाइयों ने क्रीमिया प्रायद्वीप पर 32 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। यूक्रेन की वायु सेना ने शनिवार को कहा कि उसने रूस द्वारा 11 यूक्रेनी के खिलाफ लॉन्च किए गए 31 में से 30 ड्रोन को मार गिराया था।

## हमास से लड़ाई में इजराइल के दो और सैन्य अफसर शहीद



**गाजा।** गाजा पट्टी में छिड़ी लड़ाई में इजराइल के दो सैन्य अधिकारियों की शहादत हो गई। यहां फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच सात अक्टूबर से युद्ध छिड़ा हुआ है। आज (रविवार) युद्ध 72वें दिन में प्रवेश कर गया।

इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार युद्ध के 71वें दिन शनिवार को लड़ाई के दौरान दो सैन्य अफसर 26 वर्षीय जोसेफ अवनेर डोरान और 24 वर्षीय शैलेव जल्ट्समैन शहीद हो गए। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार को इनके नाम और फोटो जारी किए हैं। आईडीएफ के अनुसार गाजा पट्टी में हमास के आतंकवादियों के खिलाफ जमीनी अभियान शुरू होने के बाद से अब तक सुरक्षाबलों के 121 जवानों की मौत हो गई। शनिवार को युद्ध क्षेत्र में अपना सर्वोच्च बलिदान करने वालों में मास्टर सार्जेंट (रिजर्व) यरुसलम के 26 वर्षीय जोसेफ अवनेर डोरान भी हैं। वह शायेटेट 13 कमांडो बल में कार्यरत थे। वह शनिवार को उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। युद्ध के 71वें दिन दक्षिणी गाजा में रामत यिशाई के 24 वर्षीय सार्जेंट मेजर (रिजर्व) शैलेव जल्ट्समैन शहीद हो गए। वह 55वीं पैराट्रूपर्स ब्रिगेड के साथ युद्ध लड़ रहे थे।

# कतर की मध्यस्थता के बीच इजराइली बंधकों की रिहाई के लिए वार्ता शुरू



**यरुशलम।** इजराइली बंधकों को हमास के कब्जे से रिहा कराने के लिए कतर की मध्यस्थता वाली वार्ता एक बार फिर से शुरू हो गई है। इजराइल ने वार्ता शुरू होने की पुष्टि की है। वहीं इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने विजय होने तक गाजा में युद्ध जारी रखने का संकल्प दोहराया है। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली सेना गाजा से जीत के बाद हटेगी, लेकिन वहां की सुरक्षा व्यवस्था इजराइल के नियंत्रण में रहेगी।

इजराइल में बंधकों की रिहाई के लिए बढ़ रहे जन दबाव और शुक्रवार को गाजा में इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में तीन बंधकों की मौत के बाद सरकार पर बंधक रिहाई के लिए प्रयास करने का दबाव बढ़ गया था। इसी के बाद कतर के प्रधानमंत्री मुहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से इजराइली खुफिया संगठन मोसाद के निदेशक डेविड बर्निया ने मुलाकात की।

इस बार इजराइल की पहल पर वार्ता हो रही है, जबकि नवंबर के युद्धविराम से पहले हमास और मध्यस्थ के रूप में कतर व मिस्त्र ने पहल की थी। वार्ता का ताजा दौर शुरू होने के बाद हमास ने कहा, हमारी पहली शर्त गाजा में आमजनों पर इजराइल के हमले रोकने की है। मध्यस्थों को इस बारे में बता दिया गया है।

हमास के कब्जे में अभी भी लगभग 130 इजराइली बंधक हैं। बंधकों की रिहाई और युद्धविराम के लिए वार्ता के बीच गाजा में इजराइली सेना व हमास के बीच लड़ाई जारी है। इस लड़ाई में अभी तक 19,000 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जबकि इजरायल के 121 सैनिक मरे हैं। सात अक्टूबर से जारी लड़ाई में 23 लाख की आबादी वाली गाजा पट्टी में 85 प्रतिशत लोगों को बेघर होना पड़ा है। घर नष्ट होने और जान बचाने के लिए लगभग 20 लाख लोग अस्थायी आवासों में रहने के लिए मजबूर हैं।

वेस्ट बैंक में इजराइली सुरक्षा बलों के हमले में रविवार को पांच फिलिस्तीनी मारे गए। इनमें से दो लोग तुलकार्म में मारे गए, जबकि तीन की मौत जेनिन में हुई। इजराइली सेना ने कहा है कि उसने वेस्ट बैंक में हथियारबंद अतिवादियों के खिलाफ कार्रवाई का स्तर बढ़ाया है।

## यूरोप जा रहे प्रवासियों से भरी नौका लीबिया तट के पास पलटी, 60 लोगों की मौत



**काहिरा।** लीबिया तट के नजदीक यूरोप जा रहे प्रवासियों की नौका पलटने से उसमें सवार कम से 60 लोगों की मौत हो गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने यह जानकारी दी।

संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के अनुसार भूमध्य सागर के इस हिस्से में गुरुवार-शुक्रवार की रात नौका पलटने की ताजा घटना है। बेहतर जीवन की तलाश में अवैध रूप से यूरोप जाने की इच्छा रखने वाले अबतक हजारों लोगों की मौत हो चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने एक बयान में बताया कि नाव 86 प्रवासियों को ले जा रही थी और तेज लहरों के कारण लीबिया के जुवारा शहर के नजदीक पलट गई और 61 लोग डूब गए। यूरोपीय संघ की सीमा एजेंसी ने रविवार को एक बयान में कहा कि उसके विमान ने गुरुवार शाम को लीबिया के नजदीक आंशिक रूप से खराब रबर की नाव का पता लगाया।

फ्रंटेक्स एजेंसी ने कहा, प्रतिकूल मौसम के कारण लोग गंभीर खतरे में थे, लहरें 2.5 मीटर की ऊंचाई तक उठ रही थीं। संकट में फंसे प्रवासियों के लिए एक हॉटलाइन ह्यअलार्म फोनह्ल ने एक ट्वीट में कहा कि नौका पर सवार कुछ प्रवासी स्वयंसेवी समूह और लीबियाई तटरक्षक सहित अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। लीबियाई तट रक्षक के प्रवक्ता पूरे प्रकरण पर तुरंत टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी के प्रवक्ता फ्लेवियो डि जियाकोमो ने बताया कि इस वर्ष मध्य यूरोपीय इस मार्ग पर 2,250 से अधिक लोग मारे गए।

## गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल के सैन्य अभियान में कई लोग मारे गए



**गाजा।** गाजा पट्टी में युद्ध के 72वें दिन रविवार को फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के खिलाफ इजराइल का सैन्य अभियान जारी है। इजराइल की थल सेना हमास के ठिकानों की ओर तेजी से बढ़ रही है और वायु सेना बम बरसा रही है। ताजा हमलों में कई लोगों के मारे जाने की खबर है। प्रमुख समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, सुबह से इजराइल के सुरक्षा बलों के व्यापक हमले जारी हैं। हमास के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा के केंद्रीय शहर दीर अल-बलाह पर इजराइल के हवाई हमलों में कई लोग मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि खान यूनिस के पूर्व में बानी सुहैला की दक्षिणी नगर पालिका, गाजा पट्टी के दूसरे शहर और हमास के गढ़ पर इजराइल ने हवाई और तोपखाने से हमले किए हैं। इजराइल के दूसरे अखबार द यरुशलम पोस्ट के अनुसार, सुबह उत्तरी वेस्ट बैंक में तुल्कर्म के पास नूर शम्स शरणार्थी शिविर में झड़पों के बीच आईडीएफ के ड्रोन हमले में दो फिलिस्तीनी मारे गए और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बीच ईरान के रक्षामंत्री मोहम्मद रजा घेराई ने चेतावनी दी कि हूथी खतरे से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय नौसैनिक गठबंधन स्थापित करने के अमेरिका के किसी भी प्रयास को असाधारण समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

इस अखबार के अनुसार, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कतर के साथ बातचीत के सवाल पर फिर दुहराया है कि हमास को नष्ट करने का एकमात्र तरीका मजबूत सैन्य अभियान ही है। वह हमास को नेस्तनाबूत करके ही दम लेंगे। वह बंधकों को छुड़ाने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

## बांग्लादेश में पहाड़ी पर मिला बंदूक बनाने का कारखाना, चार गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव में हिंसा की आशंका के मद्देनजर अवैध हथियारों की बरामदगी के लिए शुरू किए गए रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) के अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। आरएबी ने कॉक्स बाजार के रामू उपजिला के अंतर्गत ईदगढ़ के तुलाटाली क्षेत्र में एक पहाड़ी के अंदर हथियार बनाने का कारखाना खोजा। यहां से चार लोगों को गिरफ्तार कर आग्नेयास्त्रों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जब्त की।

बांग्लादेश के प्रमुख अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, चुनाव आयोग के आदेश पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने देशव्यापी अभियान शुरू किया है। 23 दिवसीय यह अभियान 24 दिसंबर को पूरा होगा। आरएबी को कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान यह सफलता मिली। यह गिरोह देशभर में हथियार की आपूर्ति करता है। कारखाने से गिरफ्तार किए गए लोगों में साहबुद्दीन (40), लाल मिया (58) मेनुद्दीन (43) और जफर आलम (41) शामिल हैं। कारखाना का मालिक और मुख्य हथियार मैकेनिक मनिउल हक भूमिगत हो गया है। आरएबी-15 कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल एचएम सजाद होआसिन के अनुसार यह अपराधी गिरोह लंबे समय से अवैध रूप से आग्नेयास्त्रों का निर्माण कर उन्हें बदमाशों को बेच रहा था। यह कारखाना सुदूर पहाड़ी पर था। हथियार बनाने वाले भनक मिलते ही जंगलों में छिप जाते थे। प्राथमिक पूछताछ में गिरफ्तार लोगों ने स्वीकार किया कि उनके पिता और चाचा भी अवैध आग्नेयास्त्रों के निर्माण और बिक्री में शामिल थे। अखबार के अनुसार बांग्लादेश पुलिस ने नौ दिसंबर को सूचीबद्ध असलहा मैकेनिकों और व्यापारियों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस साल जनवरी और नवंबर के बीच देशव्यापी अभियान में 642 अवैध आग्नेयास्त्र बरामद कर 311 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# नेपाली सेना में विवादित चीनी कंपनी से महंगी और स्तरहीन सैन्य सामग्री खरीदने की प्रक्रिया शुरू




**काठमांडू।** नेपाली सेना ना सिर्फ महंगे दामों में, बल्कि कई देशों और यूएन मिशन में रिजेक्टेड सैन्य सामग्री चीन की कंपनी से खरीदने जा रही है। दक्षिण एशियाई और अफ्रीकी देशों को सस्ते हथियार बेचने वाली चीनी कंपनी से हथियार खरीदने के लिए नेपाली सेना ने लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी) खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

यह पहली बार नहीं है जब नेपाली सेना ने चीन से महंगे और घटिया सामान की खरीद प्रक्रिया शुरू की है, बल्कि सात महीने पहले भी इसकी प्रक्रिया शुरू की गई थी। तब इस बात की आलोचना होने के बाद कुछ समय के लिए इसे रोक दिया गया था। अब एक बार फिर से पिछले हफ्ते सेना ने चीनी कंपनी नॉर्थ इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन के साथ हथियार खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सेना ने 538,000 अमेरिकी डॉलर प्रति यूनिट की दर से 26 बख्तरबंद गाड़ियां (एपीसी), 250,000 अमेरिकी डॉलर प्रति यूनिट की दर से 72 सामरिक वाहन और 12.7 मिमी की 50 हजार बुलेट्स की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी है।


सेना की तरफ से हिमालयन बैंक की मुख्य शाखा में एलसी खोलने के लिए आवेदन दिया गया है। हिमालयन बैंक पाकिस्तान के हबीबी बैंक का संयुक्त उपक्रम है। चीन इसी पाकिस्तानी बैंक पर दबाव डालकर नेपाली सेना का एससी खुलवाने का प्रयास कर रहा है। कुल 33 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सैन्य सामग्री खरीदने के लिए पांच एलसी खोलने का प्रस्ताव बैंक के पास भेजा गया है, जिसकी स्वीकृति के लिए केन्द्रीय नेपाल राष्ट्र बैंक से अनुमति लेने की प्रक्रिया में है। नेपाली सेना के प्रधान सेनापति प्रभुराम शर्मा के हाल ही में हुए चीन दौरे के बाद सेना ने एपीसी समेत सैन्य साजो-सामान खरीदने की प्रक्रिया शुरू की है। इस सम्बन्ध में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ह्यप्रचंडह्न, रक्षा मंत्री पूर्ण बहादुर खड़का और प्रधान सेनापति शर्मा के बीच चर्चा होने के बाद यह प्रक्रिया शुरू की गई है। नेपाली सेना चीन की जिस कंपनी से एपीसी और अन्य सैन्य सामग्रियां खरीद रही है, वह बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड और पाकिस्तान जैसे अन्य देशों में हथियार सप्लाई करती है, लेकिन हर जगह से शिकायत मिलने के बाद कई देशों ने इस चीनी कंपनी पर अपने यहां प्रतिबंध लगा दिया है।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ग्वालियर व्यापार मेला की तैयारियों का किया निरीक्षण



**ग्वालियर ।** ग्वालियर व्यापार मेला 25 दिसम्बर से प्रारंभ होगा। इसके साथ ही ग्वालियर दुर्ग पर 26 दिसम्बर को 1500 तबला वादक अपनी प्रस्तुति देंगे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल ने विभागीय अधिकारियों के साथ मंगलवार को मेला परिसर और ग्वालियर दुर्ग पर पहुँचकर आयोजन की व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने मेला प्राधिकरण के अधिकारियों और मेला सचिव को निर्देशित किया है कि मेले में साफ-सफाई के साथ ही मेले की सभी व्यवस्थायें समय से हों, यह सुनिश्चित किया जाए। मेले में आने वाले सैलानियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही देश भर से आने वाले व्यापारियों को भी ग्वालियर व्यापार मेले में बेहतर सुविधायें उपलब्ध हों यह सुनिश्चित किया जाए। मेले में यातायात, सुरक्षा और पार्किंग के प्रबंधन भी अच्छे से किए जाएँ। अग्नि सुरक्षा के लिये सभी व्यवस्थायें चाक-चौबंद हों। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने 26 दिसम्बर को ग्वालियर दुर्ग पर 1500 तबला वादकों द्वारा दी जाने वाली प्रस्तुति की व्यवस्थाओं को भी देखा। उन्होंने कहा कि तानसेन समारोह के अंतर्गत भी इस वर्ष ग्वालियर में यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में आने वाले कलाकारों को अपनी प्रस्तुति देने के लिये बेहतर माहौल मिले यह सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई की व्यवस्थायें भी समय रहते पूर्ण करने के निर्देश नगर निगम अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बाहर से आने वाले तबला वादकों को ठहराने के लिये ग्वालियर दुर्ग स्थित गुरूद्वारे में की गई व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम श्रीमती अंजू अरूण कुमार एवं सीईओ जिला पंचायत विवेक कुमार सहित राजस्व, पुलिस, नगर निगम के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्वालियर दुर्ग रोप-वे के लिए फिर कवायद, 22 को होगी बैठक



ग्वालियर। फूलबाग से लेकर ग्वालियर दुर्ग तक नेशनल हाइवे अथारिटी आफ इंडिया (एनएचएआइ) की सहयोगी संस्था नेशनल हाइवे लाजिस्टिक मैनेजमेंट कंपनी (एनएचएलएम) ने फिर से कवायद शुरू की है। एनएचएलएम द्वारा 150 करोड़ रुपये के बजट से इसका निर्माण किया जाना है, लेकिन अपर टर्मिनल पर जमीन के विवाद और अलाइनमेंट फिक्स न होने के कारण एक बार टेंडर प्रक्रिया को निरस्त किया जा चुका है।

मंगलवार को रोप-वे की दिक्कतों को दूर करने के लिए बनाए गए सात सदस्यीय दल के पांच सदस्यों ने अपर टर्मिनल का निरीक्षण किया। अब आगामी 22 दिसंबर को एनएचएलएम के अधिकारी दिल्ली से ग्वालियर आकर दिक्कतों के संबंध में बैठक में चर्चा करेंगे।

**सिंधिया स्कूल की ओर से आपत्ति**-दरअसल, गत वर्ष केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सितंबर माह में ग्वालियर प्रवास के दौरान रोप-वे के निर्माण के लिए सहमति दी थी। एक माह के अंदर ही एनएचएलएम के अधिकारियों ने ग्वालियर आकर अलाइनमेंट सहित अन्य सर्वे कार्य भी शुरू करा दिए। इसके अलावा किले के अपर टर्मिनल के लिए तलहटी के साथ फूलबाग बारादरी पर मृदा परीक्षण भी करा लिया गया था। रोप-वे की कुल लंबाई 1.88 किमी है और इसका अपर टर्मिनल किले स्थित गुरुद्वारे से कुछ ही दूरी पर बनना है, लेकिन अपर टर्मिनल को लेकर सिंधिया स्कूल की ओर से आपत्ति लगाई गई थी।

**22 दिसंबर को ग्वालियर में बैठक**-अब एनएचएआइ द्वारा जिला प्रशासन को भेजे गए पत्र के बाद कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देश पर मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन के डिवीजनल मैनेजर राजीव श्रीवास्तव, नगर निगम कालोनी सेल के नोडल अधिकारी महेंद्र अग्रवाल, पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर जगबहादुर सिंह, पुरातत्व व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि एनएचएआइ के अधिकारी आगामी 22 दिसंबर को ग्वालियर आकर बैठक करेंगे। इसमें तय हो जाएगा कि ग्वालियर में रोप-वे बन भी पाएगा या नहीं।

# कूनो फोरेस्ट फेस्टिवल में टू-डे न्यू ईयर सेलिब्रेशन का ट्रेंड



अंदज में करने जा रहा है। थोडा ट्रेंड को अपडेट करते हुए लोग 2 डे न्यू ईयर सेलिब्रेशन करने जा रहे हैं, यानि जिस मस्ती से 31 दिसंबर को बीते साल को अलविदा किया जाएगा उसी उत्साह से नए साल को वेलकम किया जाएगा। इसके लिए शहरवासी कुछ ऐसे स्पोट को चुन रहे हैं जो शहर से पास भी हो और वहां 2 दिन तक रुक कर नए साल का स्वागत किया जा सके ।

अब सेलिब्रेशन का लोगों का ट्रेंड तो एक जैसा है लेकिन पसंद थोडी अलग है। लोग शहर के पास की जगहों को चुन रहे हैं लेकिन सबकी मंजिल एक हो ऐसा तो जरूरी नहीं । अब यहां पसंद की बात करें तो लोगों को सबसे ज्यादा पसंद 'कूनो फोरेस्ट फेस्टिवल' आ रहा है। हालांकि शहर के पास के और भी स्पोट हैं जहां जाकर लोग अपना नया साल सेलिब्रेट कर रहे हैं लेकिन जहां बात एक ही जगह पर बेहतर फेसिलिटी , एडवेंचरस ईवेंट और इन हाउस पार्टी की हो वहां सिर्फ कूनो फोरेस्ट फेस्टिवल ही लोगों की जुबान पर है। कूनो से लेकर अन्य न्यू ईयर सेलिब्रेशन प्वाइंट्स पर लोगों ने प्री बुकिंग भी शुरू कर दी है।

# धूल को नहीं रोक सका अमला, दिखावा साबित हो रही वाटर फागर मशीन



ग्वालियर। धूल और धुआं शहर के वातावरण को बुरी तरह से प्रभावित कर रहे हैं, क्योंकि नगर निगम इस धूल व धुआं की उत्पत्ति के स्रोत को ही नहीं रोक पा रहा है और प्रदूषण को रोकने की दम भर रहा है, जबकि हकीकत यह है कि गली-मोहल्लों में जल रहा कचरा और खुले में चल रहे निर्माण से लेकर खुदी सड़कों से धूल के गुबार उठ रहे हैं, लेकिन इस पर नगर निगम का ध्यान नहीं है। केवल दिखावे के नाम पर 4 करोड़ रुपये खर्च कर 8 वाटर फागर मशीनें खरींदी पर उन्हें चलाने के लिए डीजल तक नहीं है। धुआं के स्रोत- शहर में धुआं से आसमान काला होने लगा है, लेकिन इसपर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नजर तक नहीं डाल रहा।हालात यह हैं कि शहर के हजीरा क्षेत्र में चल रहे ईंट भट्टे धुआं उगल रहे हैं। इसी तरह से बिलौआ में चल रहे क्रेशर से निकलने वाला धूल और धुआं आसमान को काला बना रहा है, लेकिन इस पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का ध्यान तक नहीं है, क्योंकि अफसरों को शहरवासियों की फिक्र ही नहीं है। वहीं शहर के भीतर वाहन और कचरा जलने से होने वाले धुआं पर निगम के अफसर आंख बंद किए हैं। धूल के स्रोत- शहर में धूल का कारण भी लगभग वही है जो धुआं का हैं। शहर में खुदी सड़कें से गुजरने वाले वाहन धूल का गुबार पैदा करते हैं। इसी तरह से खुले में चल रहा निर्माण कार्य, जगह जगह चल रही खुदाई से हवा में धूल के कण शामिल हो रहे हैं। शहर के आसपास चलने वाले ईंट भट्टे, खदान और क्रेशर आदि से उठती धूल हवा को दूषित कर रही है,

# छह घंटे में उत्तराखंड की वादियों तक पहुंच सकेंगे



ग्वालियर से आगरा तक 88.40 किमी लंबे सिक्सलेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे की टेंडर प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। यह ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस तीन साल के अंदर तैयार होगा। आगरा से शुरू होकर ग्वालियर तक बनने वाला यह ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस शहर के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोलेगा। इसके जरिये पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। ये लोगों को उत्तराखंड तक पहुंचाने में भी सहायक होगा, क्योंकि इसके जरिये आगरा से यमुना एक्सप्रेस-वे पर जा सकेंगे। यमुना एक्सप्रेस वे पर जेवर के पास एक इंटरचेंज का निर्माण शुरू हुआ है, जो ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा। इससे हरिद्वार-देहरादून तक की दूरी कम हो सकेगी।अभी सड़क मार्ग से जाने वाले लोगों को नोएडा, गाजियाबाद होकर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर पहुंचना पड़ता है। ग्वालियर से देहरादून तक की दूरी 564 किमी है, लेकिन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे तैयार होने से आगरा की दूरी जहां 33 किलोमीटर कम होगी, तो वहीं ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे होते हुए दिल्ली-देहरादून इकोनामिक कारिडोर का इस्तेमाल करने पर देहरादून तक की दूरी 39 किमी कम हो जाएगी। दिल्ली से देहरादून की दूरी 249 किमी है, लेकिन ट्रैफिक के चलते देहरादून तक पहुंचने में छह घंटे लगते हैं। इकोनामिक कारिडोर से यह दूरी जहां 210 किमी रह जाएगी, तो वहीं देहरादून तक त्तक तीन घंटे, तो वहीं दिल्ली से देहरादून तक सिर्फ ढाई से तीन घंटे में पहुंच सकेंगे। ऐसे में साढ़े पांच से छह घंटे में ग्वालियरवासी उत्तराखंड की वादियों तक पहुंच सकेंगे।

# अंचल में मंत्री मंडल के गठन का ब्रेसब्री से इंतजार



**ग्वालियर**-अंचल में मंत्री मंडल के गठन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। मंत्री पद के दावेदार नव निर्वाचित विधायक भी सूची में उनका नाम है कि नहीं, इस सवाल पर जबरदस्त संस्पेंश हैं। दावेदार द्वारा बैठक में मौजूद नेताओं से संपर्क करने पर एक ही जवाब मिल रहा है कि बस थोड़ा इंतजार करें। भाजपा के मंत्री मंडल के गठन में गुजरात फार्मूलें से पहली बार निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचे विधायकों को मंत्री मंडल में स्थान मिलने की उम्मीद है और पिछले दो बार से अधिक बार निर्वाचित हुए सीनियर विधायक इस फार्मूले से कुछ निराश है। किंतु सबकी नजरें दिल्ली और भोपाल की गतिविधियों पर टिकी हुई है। हालांकि राजनीति में कोई फार्मूला स्थाई नहीं होता है। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते जातीय व क्षेत्रीय समीकरण ही मंत्री मंडल के गठन का मूल आधार होगा। संभावना जताई जा रही है कि मंगलवार की शाम तक मंत्री मंडल के गठन की तस्वीर साफ हो जाएगी। यह तय माना जा रहा है कि मंत्री मंडल का गठन दो बार में किया जाएगा।रविवार को नवागत मुख्यमंत्री डा मोहन सिंह यादव को कूनो आना था और वापसी में ग्वालियर से दिल्ली जाना था, लेकिन मंत्री मंडल के गठन को लेकर चल रही कवायद के तहत मुख्यमंत्री भोपाल से सीधे दिल्ली पहुंच गए। रात में वरिष्ठ नेताओं के बीच मोहन सरकार के मंत्री मंडल के गठन को लेकर दिल्ली में मंथन हो चुका है। नाम भी लगभग फाइनल की स्थिति में है। बस एक-दो संशोधनों के बाद मंत्री मंडल की सूची घोषित कर शपथ दिलाना शेष है। राज्यपाल मंगू भाई पटेल भी अपने निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले गुजरात से भोपाल लौट आए हैं।

# 15 दिन तक बाहर से ही दर्शन करने होंगे भगवान अचलनाथ के,



ग्वालियर, अचलेश्वर मंदिर के रामदरबार के साइड के द्वार का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने वाला है। इसके साथ ही फ्लोरिंग का काम नव वर्ष के पहले या दूसरा सप्ताह से शुरु होने की उम्मीद है। फ्लोरिंग में मकराना या वियतनाम टाइल का उपयोग किए जाने पर विचार किया जा रहा है। फ्लोरिंग निर्माण के लिए एक पखबाड़े तक मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही पर रोक लगाने का अनुरोध कान्टेक्टर ने समिति से किया है। कान्टेक्टर के अनुरोध पर बुधवार को मंदिर संचालन समिति की बैठक में विचार कर इस पर निर्णय लिया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर के व्यवस्था के संबंध में और विंदु पर भी बैठक में विचार किया जाएगा।द्वार का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद मंदिर के फ्लोरिंग का निर्माण कार्य शुरु किया जायेगा। मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगाने के लिए टाइल पसंद किए जा रहे हैं। कान्टेक्टर जगदीश मित्तल ने बताया कि अभी यह तय नहीं किया गया है कि मंदिर में कौन से टाइल लगाये जाएं, किंतु मकराना व वियतनाम के टाइल लगाने पर विचार किया जा रहा है। टाइल के संबंध में मंदिर के संचालन समिति से चर्चा कर इसप पर अंतिम निर्णय लेंगे। इस संबंध में टाइल लगाने वाले कारीगारों से विचार-विमर्श किया जा रहा है। फ्लोरिंग का कार्य नव वर्ष के पहले व दूसरे सप्ताह में शुरु होने की उम्मीद है।अचलेश्वर मंदिर के निर्माण से जुड़े कारीगारों का कहना है कि फ्लोरिंग निर्माण के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही को रोकना पड़ेगी। क्योंकि प्रतिदिन मंदिर में दो से तीन हजार लोग दर्शन व शिवलिंग पर जल अर्पित करने के लिए आते हैं। फ्लोरिंग का निर्माण श्रद्धालुओं के गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगाए बगैर संभव नहीं हैं। फ्लोरिंग व उसके बाद मंदिर के पत्थर को साफ करने में लगभग 15 दिन का समय लगेगा। कान्टेक्टर का कहना है कि फ्लोरिंग निर्माण के लिए 15 दिन के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगाने का अनुरोध मंदिर के संचालन समिति से किया है। मंदिर में पूजा-अर्चना व आरती के लिए पूजारी प्रवेश कर सकते हैं। बस गर्भ गृह में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगानी होगी। श्रद्धालुओं इस अवधि में बाहर से भगवान अचलनाथ के दर्शन कर सकते हैं।अचलेश्वर मंदिर की संचालन समिति की बैठक अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश उच्च न्यायालय निशीथ मोदी की मौजूदगी में बुधवार को होगी। बैठक का कोई तय एजेंड़ा तो नहीं हैं, लेकिन मंदिर की व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। मंदिर में फ्लोरिंग का निर्माण भी होना है। इस पर भी बैठक में विचार किया जाएगा।

# 35 साल तक विधायक रहे डा. गोविंद सिंह का ऐलान, चुनाव में हार के बाद ले लिया बड़ा निर्णय



भिंड। मप्र के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व लहार से पूर्व विधायक डा. गोविंद सिंह ने अब विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का एलान कर दिया है। रविवार शाम लहार के फार्मेसी कालेज में आयोजित आभार सभा में सिंह ने कहा कि क्षेत्र के लोग निराश नहीं हों। जब तक हम हैं तब तक दिन-रात आपकी सेवा में खड़े रहेंगे। क्षेत्र की जनता को कभी पीठ नहीं दिखाऊंगा।सिंह ने कहा कि जनता पर होने वाले अन्याय के खिलाफ पूरी ताकत से संघर्ष करूंगा और पूरा साथ दूंगा। लहार की जनता ने मुझे 33 साल तक विधायक बनाया। जनता के प्यार की वजह से तीन-तीन विभागों का मंत्री रहा और मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे। इससे अधिक मुझे कुछ नहीं चाहिए, अब विधायकी का चुनाव भी नहीं लड़ूंगा।डा. गोविंद सिंह ने अपनी हार के लिए ईवीएम को जिम्मेदार बताया। डा. सिंह ने कहा कि अब विधायक बनकर नहीं बल्कि वर्ष 1980 वाला गोविंद सिंह बनकर जनता के ऊपर होने वाले अत्याचार के खिलाफ सड़क पर उतर कर आंदोलन करूंगा। कार्यकर्ताओं को कभी भी हताश और मायूस नही होने दूंगा। डा. सिंह ने कहा कि आप लोग अपने बीच से जिस नेता को चुनकर आगे लाएंगे हम भी उसी के साथ काम करेंगे।

# एक हजार बिस्तर के अस्पताल में एक साल से ताले में कैद निजी वार्ड और धर्मशाला

ग्वालियर। एक हजार बिस्तर अस्पताल में प्रबंधन की अनदेखी के चलते निजी वार्ड और धर्मशाला एक साल से बंद पड़े हैं। इनको प्रबंधन मरीज और स्वजन के लिए नहीं खोल सका है। फर्नीचर न होने का बहाना बनाकर प्रबंधन इनके बंद रहने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेता है, जबकि अस्पताल में हर दिन 2500-तीन हजार लोग इलाज के लिए आते हैं। इनमें से कुछ लोग ऐसे रहते हैं, जो बेहतर इलाज के लिए सस्ती दरों पर निजी वार्ड में भर्ती होना चाहते हैं। इसी उद्देश्य से इन वार्डों को बनवाया गया था, लेकिन प्रबंधन ने अब तक इनको शुरू कराने की सुध नहीं ली है।एक हजार बिस्तर अस्पताल की डीपीआर में निजी वार्डों और धर्मशाला में फर्नीचर लगाना शामिल नहीं था, इसलिए इनमें फर्नीचर नहीं लग सका। यह काम अस्पताल प्रबंधन को कराने थे, लेकिन एक साल में प्रबंधन के जिम्मेदार निजी वार्ड और धर्मशाला में फर्नीचर तक नहीं लगवा पाए। इससे अस्पताल में भर्ती रहने वाले मरीजों को निजी वार्ड नहीं मिल पा रहे हैं। साथ ही मरीजों के साथ रुकने वाले स्वजन धर्मशाला की सुविधाओं से वंचित हैं। बताते हैं कि एक साल में अस्पताल प्रबंधन करोड़ों की खरीदारी कर चुका है, लेकिन



फर्नीचर लगवाने में लापरवाही बरत रहा है। भेजा है प्रस्ताव- अस्पताल प्रबंधन निजी वार्ड और धर्मशाला में फर्नीचर लगवाए जाने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजने की बात कर रहा है। अस्पताल अधीक्षक का कहना है कि वह प्रस्ताव भेज चुके हैं। स्वीकृति का इंतजार कर रहे हैं, जैसे ही स्वीकृति मिलेगी काम शुरू करा दिया जाएगा।निजी वार्ड और धर्मशाला फर्नीचर के अभाव में शुरू नहीं कर पाए हैं। हमने चिकित्सा शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा है। स्वीकृति मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478